''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 53 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 23 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# फरीदाबाद से भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को पंजाबियों का खुला समर्थन

## पंजाबी समाज के समर्थन से और मजबूत हुईं भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को फरीदाबाद पंजाबी सभा ने खुला समर्थन दिया है। इस समर्थन के साथ ही भाजपा प्रत्याशी और अधिक मजबूत हो गई हैं। लगातार उन्हें मिल रहे समर्थन से विरोधी प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है।

इस जनसंपर्क कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी शिरकत की। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सेक्टर-16 स्थित पंजाबी सभा की ओर से मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को अपने परिसर में आमंत्रित किया।

मेयर प्रत्याशी के साथ वार्ड-30 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी अनिल नागर, वार्ड-31 से पार्षद प्रत्याशी शैफाली सिंगला, वार्ड-32 से पार्षद प्रत्याशी विनोद भाटी, वार्ड-35 से प्रत्याशी सचिन शर्मा व वार्ड-36 से नवनिर्वाचित पार्षद कुलदीप सिंह साहनी को पंजाबी समाज ने पूर्ण समर्थन दिया। कार्यक्रम में डी. बरेजा, यश बब्बर, राजू मिगलानी, पवन डावर, प्रवेश मेहता, एम. सहगल, तिलक अरोड़ा, करन सिंगला, मनमोहन गुप्ता समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

**गुमराह करके सत्ता में आने वाले हो रहे बाहरः कृष्णपाल गुर्जर**

जनसंपर्क कार्यक्रम में पंजाबी समाज की ओर से केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी व पार्षद



प्रत्याशियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी मजबूत प्रत्याशी हैं। जनता से उनका आह्वान है कि रिकॉर्ड मतों से उन्हें विजयी बनाकर अपने फरीदाबाद का विकास कराने की मजबूत नींव रखें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम फहर रहा है। अब देश, प्रदेश, शहर के विकास के लिए भाजपा ही विकल्प है। इसलिए जनता भाजपा को ही चुनावों में विजयी दिलाती है। उन्होंने कहा कि गुमराह करके सरकार में आने वाले दल सत्ता से बाहर होते जा रहे हैं। राजधानी दिल्ली में जनता ने विपक्षियों को वोट की चोट से करारा जवाब दिया। अब निकाय चुनावों में हरियाणा की बारी है।

**भाजपा के हाथों में देश है सुरक्षितः विपुल गोयल**

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बतरा जोशी के समर्थन में वोटों की अपील करते हुए कहा कि फरीदाबाद ही नहीं पूरे देश का भविष्य भाजपा के हाथों में सुरक्षित है। इसलिए जनता देशभर में भाजपा को ही चुन रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से पूरा देश प्रभावित है। भारत देश ही नहीं, पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मजबूत नेता बनकर उभरे हैं। सुपर पावर देश भी अब भारत का प्रतिनिधित्व स्वीकार करते हैं।

**जीत तय, जीत का अंतर बढ़ाने पर मेहनत करेंः राजेश नागर**

तिगांव से भाजपा के विधायक राजेश नागर ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को विजयी बनाने का मन तो जनता बना चुकी है, अब तो जीत का अंतर बढ़ाने के लिए हमें मेहनत करनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं और नीतियों पर जनता का पूरा भरोसा है। इस भरोसे को हम सबने कायम रखा है। इसी भरोसे पर ही जनता नगर निगम चुनाव में भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को विजयी बनाने का काम करेगी।

**भाजपा की नीतियों से प्रभावित जनता चुनेगी कमलः प्रवीण बत्रा जोशी**

इस कार्यक्रम में भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि फरीदाबाद की जनता 2 मार्च का इंतजार कर रही है। चुनाव के दिन मतदाता ईवीएम में कमल खिलाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन विकसित, विकासशील भारत है। ऐसे ही हमारा मिशन विकसित और विकासशील फरीदाबाद है। जनता के आशीर्वाद से मेयर की कुर्सी संभालते ही विकास की लहर शुरू हो जाएगी।

# संकल्प पत्र में दिखेगी विकास की तस्वीर : संकल्प पत्र जारी करने की तैयारियां पूरी

**2 मार्च को जनता कमल के फूल के निशान पर वोट करेगी,12 मार्च को रिजल्ट भाजपा के पक्ष में आएगा : पंडित मोहन लाल बड़ौली**

**कांग्रेस के विधायक भी नायब सरकार से प्रभावित होकर कर रहे हैं प्रशंसा : बड़ौली**

**24 फरवरी को रोहतक से सीएम सैनी करेंगे संकल्प पत्र जारी : बड़ौली**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़/रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर 24 फरवरी को भाजपा अपना संकल्प पत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय से संकल्प पत्र जारी करेंगे। भाजपा के संकल्प पत्र में प्रदेश के विकास की तस्वीर दिखेगी। श्री बड़ौली ने कहा कि संकल्प पत्र जारी करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में कुछ मुद्दे पूरे प्रदेश से जुड़े हैं। हमने स्थानीय तौर पर अलग-अलग मुद्दों को लेकर संकल्प पत्र तैयार किया है। नगरपरिषद, नगरपालिका और नगर निगमों के जो स्थानीय मुद्दे हैं उन्हें जोड़ने का काम संकल्प पत्र में किया गया है। शनिवार को भाजपा कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि 2 मार्च को जनता कमल के फूल के निशान पर वोट करेगी और 12 मार्च को रिजल्ट एकतरफा भाजपा के पक्ष में आएगा। इस मौके पर श्री बड़ौली के साथ भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक जिला प्रभारी सतेंद्र परमार और हरिओम भाली मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है, ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर प्रदेश में तेज गति से विकास के कार्य होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में माहौल भाजपा के पक्ष में है, जनता भी भाजपा की रीति-नीति और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हो रहे जनकल्याणकारी कार्यों से खुश हैं, इसलिए लोग 2 मार्च को कमल के फूल के निशान को ही दबाएंगे और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास की गति को तेज करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार से प्रभावित होकर कांग्रेस के विधायक भी सरकार की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के दौरान भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर जिला परिषद के पानीपत से चेयरमैन काजल और जींद से मनीषा ने कांग्रेस छोड़कर



भाजपा ज्वाइन की है।

श्री बड़ौली ने कहा कि आने वाले समय में अनेकों सरपंच, ब्लॉक समिति के चेयरमैन, पार्षद सरकार की नीतियों पर विश्वास करते हुए भाजपा ज्वाइन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के काम करने वाली सरकार है। जहां भाजपा के विधायक नहीं है वहां भी सरकार समान रूप से काम करा रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर तीन गुणा गति से पूरे प्रदेश में विकास के कार्य होंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय के दो मार्च को चुनाव होने हैं, लेकिन अभी से ही 6 प्रत्याशी सर्वसम्मति से चुन लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 10 नगर निगमों में भाजपा के प्रत्याशी कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं पांच नगरपरिषदों के चुनाव भी सिंबल पर लड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14 नगरपालिकाओं में चेयरमैन के प्रत्याशी कमल के फूल के निशान पर चुनाव के मैदान में हैं। पुण्डरी में सभी पार्षद उम्मीदवार भाजपा के निशान पर चुनाव लड़ रहे हैं।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो संकल्प पत्र जारी किया था उसे सरकार पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेते ही युवाओं को रोजगार देने का काम किया, गरीबों को प्लाट व मकान देने की जो योजना है उस पर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है, भाजपा ने जो संकल्प पत्र में वादे किए हैं उन्हें नायब सरकार गारंटी के साथ पूरा करेगी।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी जिसके नेता झूठ बोलने में माहिर थे। अब दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। एनसीआर से संबंधित विकास के जो मुददे थे अब उन पर तेज से गति से काम शुरू होगा। सोनीपत में मेट्रो का काम तेज चल रहा है। श्री बड़ौली ने कहा कि दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता हरियाणा की बेटी है। रेखा गुप्ता का दिल्ली की सीएम बनने पर हरियाणा में भी खुशी है।

**जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए तैयारः बड़ौली**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने शनिवार को मेयर उम्मीदवार रामावतार वाल्मीकि व वार्ड नं 10 उम्मीदवार मेजर ज्योति बोहर, वार्ड नं 11 के उम्मीदवार राजेश प्रधान, वार्ड नं 20 के उम्मीदवार प्रवीण कौशिक और वार्ड नं 21 उम्मीदवार रीना रानी के समर्थन में जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस मौके पर श्री बड़ौली ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट देने की अपील की। श्री बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर लोगों में जो उत्साह देखा जा रहा है इससे तय है कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन जनता बना चुकी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि 12 मार्च को भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और हर क्षेत्र में तेज गति से विकास के कार्य होंगे।

# हरियाणा से प्रयागराज में महाकुंभ तक जारी रहेगी बस सेवा, श्रद्धालु यात्रियों को मिल रहा लाभ : अनिल विज

**प्रयागराज में महाकुंभ के लिए हरियाणा के विभिन्न शहरों से 21 फरवरी तक 595 बसों का संचालन किया, यात्रियों से भरी जा रही बसें : परिवहन मंत्री अनिल विज**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने बताया कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी जिलों से 21 फरवरी तक कुल 595 बसों का संचालन किया जा चुका है और सभी बसें श्रद्धालु यात्रियों से भरी जा रही हैं। इस व्यवस्था के तहत राज्य परिवहन विभाग को औसतन 43.85 की प्राप्ति हुई है।

परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा महाकुंभ जाने के लिए श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया था। इसके तहत बसों का संचालन प्रारंभ किया गया था। उन्होंने बताया कि कुल 595 बसों का संचालन किया जा चुका हैं।

हरियाणा से बस सेवा प्रारंभ करने से श्रद्धालु यात्रियों को महाकुंभ आने-जाने के लिए काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ तक हरियाणा रोडवेज की बस सेवा प्रयागराज तक जारी रहेगी।

**इन शहरों से प्रयागराज के लिए चली इतनी बसें**

जनता की सुविधा के लिए अम्बाला से 21, नारनौल से 24, दिल्ली से 80, फरीदाबाद से 46, सोनीपत से 25, गुरुग्राम से 60, झज्जर, करनाल, पलवल व रेवाड़ी से 28- 28, फतेहाबाद, हिसार व रोहतक से 18, चंडीगढ़ व कुरुक्षेत्र से 19-19, भिवानी से 14, दादरी से 16 तथा सिरसा, नूंह, पंचकूला, पानीपत, कैथल, जींद व यमुनानगर से 15-15 बसें चलाई गई।

# ट्रिप्पल इंजन की सरकार बनाकर तीन गुणा तेज गति से होगा प्रदेश का विकास : नायब सिंह सैनी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ट्रिप्पल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में तीन गुणा तेज गति के साथ विकास किया जाएगा। सरकार ने हर गांव, हर शहर को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम किया, जिसके कारण ही प्रदेश के नागरिकों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है और इसी की बदौलत जनता का निकाय चुनावों में भी आर्शीवाद मिलेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र के थानेसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे



थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश के लोगों ने देखा है कि डबल इंजन सरकार ने पूरे हरियाणा को विकास की ऊंचाईयों तक पहुंचाया और अब समय आ गया है तीसरे इंजन को जोडने का। नगर निकायों में भी जनता के आर्शीवाद से स्थानीय सरकार बनेगी। प्रदेश के लोग विपक्ष के झूठ को समझ चुके हैं और अब वे किसी के बहकावे और लालच में आने वाले नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के उद्देश्य से काम कर रही है। इस प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास हो और हर नागरिक का उत्थान हो, इस उद्देश्य को लेकर ही योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। सरकार ने आमजन की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए समाधान शिविर लगाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपने 100 दिन पूरा करने से पहले अनेकों छोटी और बडी योजनाओं को अमलीजामा पहनाकर नागरिकों को बडी राहत देने का काम किया। यह सरकार हर रोज विकास के मार्ग पर तेजी के साथ आगे बढ़ रही है।




# बिल्लू पहलवान भाजपा से 6 वर्ष के लिए निष्कासित

**यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की अनुशंसा पर की गई है।**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव में भाजपा से बगावत कर वार्ड नंबर 24 से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे जितेंद्र यादव उर्फ बिल्लू पहलवान को पार्टी ने 6 वर्ष के लिए तुरंत प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। इस बारे में जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा ने जारी प्रेस नोट में बताया है कि यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की अनुशंसा पर की गई है। बता दें कि बिल्लू पहलवान भाजपा के ही निवर्तमान पार्षद हैं और इस बार भाजपा से टिकट न मिलने के कारण बागी हो गए हैं और निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने इसे अनुशासन के विरुद्ध मानते हुए उनके निष्कासन की त्वरित कार्रवाई की है। वास्तव में पार्टी इस कार्रवाई को कर बाकी बागियों को संदेश देना चाहती है कि पार्टी से बड़ा व्यक्ति नहीं है। जो निर्णय पार्टी ने कर दिया है उस निर्णय को सभी को मनाना होगा। जिलाध्यक्ष राजकुमार बोहरा का कहना है कि भाजपा में हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है और टिकट



किसी एक को ही मिल सकती है लेकिन बाकी कार्यकर्ता भी भरपूर सम्मान प्राप्त करते हैं। ऐसे में कार्यकर्ता को पार्टी के निर्णय का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितेंद्र यादव उर्फ बिल्लू यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के निष्कासित कर दिया गया है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोटः मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार**

**समाचार गेट**

**में खबरों व विज्ञापन के लिए संपर्क करें :**

नरवीर यादव 9212339503

जितेंद्र मोर 9999263485

कृष्णा शर्मा 9818180269

सुमित गोयल 9212213121

samachargate@gmail.com

# विधानसभा में उठा प्रॉपर्टी डीलर हत्या का मुद्दा

## मुख्य आरोपी पहले भी जेल जा चुका हैः 2 बीघा जमीन को लेकर था विवाद










**लखनऊ।** में प्रापर्टी डीलर अंकित लोधी की हत्या के तीसरे दिन भी पुलिस हत्यारों का सुराग नहीं लगा सकी है। अब तक सिर्फ एक बाइक बरामद की गई है। वहीं इस हत्याकांड की गूंज शुक्रवार को विधानसभा में सुनाई दी। रायबरेली की हरचंदपुर विधानसभा सीट से सपा विधायक राहुल लोधी ने आरोपियों की गिरफ्तारी का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर चिंता जताई है। साथ ही सपा के सांसद आरके चौधरी और भाजपा के विधायक विपिन कुमार वर्मा डेविड भी पीड़ित के घर पहुंचे। बताया जाता है कि दोनों पक्षों में 2 बीघा जमीन को लेकर विवाद हुआ था। पहले जानिए क्या हुआ था... लखनऊ में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना बुधवार देर रात काकोरी थाना के बेहटा गांव में हुई। मृतक की पहचान 43 साल अंकित लोधी के रूप में हुई थी। दरअसल, गांव में एक शादी में पहले दो गुटों में विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर कुछ देर बाद प्रापर्टी डीलर अंकित के जीजा ने उसे पान की दुकान पर बुलाया था। यहां दूसरे गुट के बदमाशों ने गाली देते हुए फायर झोंक दिया था। हमलावरों में 4 युवक शामिल थे। फायरिंग में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे ट्रॉमा सेंटर ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद गुरुवार दोपहर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नारायणपुर रोड जाम कर दिया था। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि अंकित लोधी और हत्यारोपी गोलू यादव के बीच दो बीघा जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। जिसको दोनों ने मिलकर खरीदा था। गोलू एक प्रापर्टी के मामले में हुई हत्या में जमानत छूट कर आया है। पुलिस हत्यारोपी गोलू यादव, सुमित कनौजिया, अभिषेक यादव और टऊवा यादव की धरपकड़ के लिए इनके करीबियों से पूछताछ कर रही है।

## राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम:सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक इलाज की सुविधा- अधीक्षक




**कुशीनगर।** कसया विकास खण्ड क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसया परिसर में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक थीम पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला एड्स समन्वय समिति जनपद कुशीनगर के द्वारा आयोजित हुआ जिसमे 225 मरीजों का पंजीकरण हुआ एवं जनरल फिजिशियन, महिला चिकित्सक, वाल रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग, आई चिकित्सको द्वारा ओपीडी किया गया व सामान्य औषधि हुआ एचआईवी स्कैनिंग 88, गर्भवती महिलाओं की स्कैनिंग 24, एसटीआई 16 तथा टीबी बलगम 09 की जांच हुई मेगा कैम्प के मुख्य अतिथि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ डी के गुप्त ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गाँव गरीब खुशहाल रहेगा तभी देश तरक़्क ी करेगा गम्भीर बीमारी का इलाज कराने के लिए भाजपा सरकार द्वारा 5 लाख रु तक कि इलाज की व्यवस्था किया है आयुष्मान कार्ड सभी को वितरण किया गया है अध्यक्षीय सम्बोधन अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने कहा कि राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण के सभी घटकों द्वारा कैम्प में अभ्यर्थियों का परामर्श, जाँच, इलाज निःशुल्क सुबिधा दिया जा रहा है जागरूकता के साथ सावधानी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य शिविर में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डाक्टर मार्कण्डेय चतुवेर्दी, डॉ रौनक श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार सिंह,बीडॉ पल्लवी मिश्रा व एएनएम मीरा दुवे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सवेरा के तारकेश्वर सिंह, परामर्शदाता शशिकला सिंह, उमेश तिवारी, संगीता देवी, प्रेमशीला प्रजापति, अरविन्द साह ने भी किया सम्बोधित किए। संचालन जिला टीबी एचआईवी समन्वयक चन्द्रशेखर यादव लड्डू द्वारा किया गया। कैम्प में सविता यादव,शकुन्तला शर्मा, सुगन्धि पाण्डेय, सोनमती देवी, विमलेश दुबे, विनय पाण्डेय उपस्थित रहे।

## मांवि प्रबंधक बबलू राय ने किया पौधारोपण



**कुशीनगर।** पूर्वांचल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्यावती देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, तमकुहीराज के प्रबंधक बबलू राय ने अपने 49 वें जन्मदिन पर महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव सभी ने उनके दीघार्यु होने की मंगल कामना की और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय परिवार ने बबलू राय के शिक्षा क्षेत्र में किए गए योगदान को सराहा और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान शिक्षक गण राणा प्रताप मिश्र, संदीप सिंह, डॉ. सुनील सिंह, पप्पू गुप्ता, प्रभु प्रसाद, निशा खरवार, डॉ. मीना राय, शिखा राय, मणि पुष्पक पाण्डेय, सुधाकर राय, गुड्डू राय, किरण सिंह, सुप्रिया यादव, मार्कण्डेय सिंह, अरविन्द यादव, पवन वर्मा, हर्षित राय, सुनील गुप्ता और राधेश्याम त्यागी मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की मेधा क्षमता का होता है विकास: ओमप्रकाश जयसवाल

### हीरोज मेमोरियल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**कुशीनगर।** नगर स्थित हीरोज मेमोरियल स्कूल में आयोजित समारोह में छात्र - छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में विविध तरह के अपने आविष्कारों की प्रदर्शनी लगाई। जिसकी अतिथियों ने खूब प्रशंसा की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शनिवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रतिष्ठित समाजसेवी ओमप्रकाश जयसवाल ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए श्री



जायसवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की मेधा क्षमता का विकास होता है और बच्चों में वैज्ञानिक बनने की प्रतिभा का विकास होता है। बच्चों के आविष्कारक मॉडल दूसरे बच्चों को सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। यह प्रदर्शनी मनुष्य के जीवन में विज्ञान का क्या महत्व है को रेखांकित करता है और प्रेरक है। एक छात्र शिवांश द्वारा विकसित माडल चर्चा में रहा। उस चश्मे में लगा सेंसर से दुर्घटना को रोका जा सकता है। चश्मे की खासियत यह है कि चालक को गाड़ी चलाते नींद आती है तो चालक के चश्मे में लगे सेंसर की वजह से हूटर बजने लगेगा और चालक सचेत हो जाएंगे। लोगों के जानमाल की रक्षा होगी और यातायात में दुर्घटनाओं को टालने में सक्षम हो सकता है। आयोजक विद्यालय के प्रबंधक सुभाष सिंह, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य/पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह, आनंद, मिनी, अनिल पांडेय, प्रवीण पाठक, राजीव रतन, प्रमोद सहित शिक्षक, अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

## पोषण पोटली वितरित:मरीजों की पोषण की व्यवस्था करना पुनीत कार्य-सीएमओ

**कुशीनगर।** हाटा नगरपालिका परिषद में स्थित न्यू इण्डिया सुगर मिल ढाढा के परिसर में शनिवार को मिल प्रबंधन द्वारा टीबी यूनिट हाटा एवं देवतहा के 51 टीबी रोगियों में पांचवें माह की पोषण की पोटली दी गयी। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि टीबी रोगियों को पोषण की व्यवस्था करना पुनीत कार्य है। इस पुनीत कार्य हेतु मैं मिल प्रबंधन को साधुवाद देता हूँ। उन्होंने ने कहा कि टीबी रोगियों में पोषण की कमी हो जाती है ऐसे में आप द्वारा दिये गए प्रोटीनयुक्त आहार को खाकर टीबी रोगी शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। अध्यक्षता कर रहे मिल के




अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने कहा कि हमारी यूनिट द्वारा समय समय पर सामाजिक हितों से जुड़े कार्यो में हमेशा अपनी भागीदारी निभाती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के इस प्रपोजल को स्वीकार करते हुये मरीजो के हितों के लिये समर्पित भाव से यह कार्य किया जा रहा है। एमोटीसी डॉ अजय कुमार सिंह, एसटीएस राजीव राय ने भी सम्बोधित किया। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत डीजी एचआर प्रांशु शर्मा ने किया तथा आभार मिल के चिकित्सक डॉ नवनीत त्यागी ने व्यक्त किया। इस दौरान डिप्टी यूनिट हेड सुशील कुमार, एकाउंट हेड राजेश गुप्ता, टेक्निकल हेड बी एस मिश्रा, प्रोडक्शन हेड अनुज राना, एसटीएस राकेश सोनकर, एसटीएलएस विवेक चौधरी, अंकुर श्रीवास्तव, फार्मसिस्ट सुबोध उपाध्याय उपस्थित रहे।

## अध्ययन यात्रा से वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता व उपज बढ़ेगी- राधेश्याम सिंह

### 50 गन्ना किसानों का अध्ययन दल पश्चिम उत्तर प्रदेश की यात्रा पर रवाना

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच, गोरखपुर द्वारा 50 गन्ना कृषकों का अध्ययन दल 9 दिवसीय यात्रा पर पश्चिम उत्तर प्रदेश भेजा गया। बस को हरी झंडी दिखाकर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राधेश्याम सिंह ने रवाना किया। गोरखपुर- दल में बस्ती-आजमगढ़ मंडल के किसान हैं। पूर्व मंत्री सिंह ने सभी किसानों का परिचय लिया और बताया कि इस अध्ययन यात्रा से कृषकों में वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ेगी जो गन्ने की उपज बढ़ाने में सहायक होगी। श्री सिंह ने किसानों से कहा की गन्ना अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिकों द्वारा जो भी जानकारी दी जाए उसको नोट करें, लौटकर तकनीक को अपने खेतों पर उतारे, जिसको देखकर गांव के दूसरे किसान प्रेरित होंगे। पिपराइच के विधायक महेंद्र



पाल सिंह ने लखनऊ से मोबाइल पर कृषक अध्ययन यात्रा की जानकारी ली तथा शुभकामनाएं दी। लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के निदेशक श्री विश्वेश कनौजिया के मार्गदर्शन में अध्ययन यात्रा दल रवाना हुआ उन्होंने सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। मंत्री ने पूछा कि यह यात्रा कहां-कहां जाएगी? इस सवाल के जवाब में गन्ना किसान संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया की इस यात्रा के अंतर्गत किसान गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, कानपुर, कृषि संस्थान प्रयागराज, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कल्याणपुर कानपुर, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी, भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर बरेली, केंद्रीय बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मथुरा, आधुनिक बड़ी चीनी मिल खतौली, मुजफ्फरनगर तथा प्रगतिशील किसानों का खेत देखेंगे। जिला गन्ना अधिकारी एवं सहायक निदेशक जगदीश यादव ने कहा कि किसानों के लिए सीखने का सबसे अच्छा माध्यम नवीन तकनीकों को देखकर स्वयं अंतर महसूस करना है, जिसको यात्रा पूरा करेगी। पिपराइच गन्ना समिति के चेयरमैन गुलाब सिंह ने इस यात्रा को किसानों के लिए वरदान बताया। सचिव गोपाल प्रसाद, एस.सी.डी.आई. सरदार नगर सतीश सिंह तथा गोरखपुर जिले के 8 किसान, कुशीनगर जिले के 20 किसानों सहित कुल 50 किसानों ने इस यात्रा में भाग लिया। उप गन्ना आयुक्त गोरखपुर उषा पाल, उप गन्ना आयुक्त देवरिया ए पी सिंह ने बताया कि यह यात्रा से किसानों में जागरूकता बढ़ायेगी। किसान एक नए प्रगतिशील दृष्टिकोण से परिचित होंगे तथा अपनी खेती और उपज को उन्नत कर सकेंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के तीसरे दिन भिक्षुओं ने की विशेष पूजा

थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैंप का हुआ शुभारंभ





**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मोनेस्ट्री परिसर में माघी अमावस्या के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के तीसरे दिन थाई बौद्ध भिक्षुओं और अतिथियों ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का विशेष पूजन कर चीवर चढ़ाया। इस मौके पर थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैंप का शुभारंभ किया गया। शनिवार को थाई बौद्ध धर्म गुरु था थे बोदी योंग और मुख्य थाई मंदिर में प्रमुख भंते फ़ाविडेस्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) के नेतृत्व में थाई अतिथि श्रीसमिथ पोंगरीथ, मिसेज किरिनरात, चिया युवान, मिसेज अमपोर्न, मिसेज विफा, चावा लित और भिक्षुओं ने विधि विधान से भगवान बुद्ध का विशेष पूजन किया। इस मौके पर थाई कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैंप का शुभारंभ थाई परम्परा के अनुसार किया गया और अतिथियों को बुद्ध की प्रतिमा बौद्ध धर्म गुरुओं ने भेंट की। कैंप में चिकित्सक डॉ बीएन सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट रंजीत, फार्मासिस्ट भारतेंदु भूषण ने 50 मरीजों की जांचकर दवा वितरित की। इस दौरान भंते सोन क्रान, भंते कितिफान, भंते अचान पविन, भंते समित, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज कुमार यादव, गौतम शर्मा आदि सहित अन्य भंते मौजूद रहे।

### जज को वकील ने अदालत के गेट पर रोका कालर पकडकर जान से मारने की धमकी दी



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर नगर के जिला अदालत गेट पर 28 अक्टूबर 2023 को ए0डी0जे0 की गाडी के सामने मोटरसाइकिल खडी कर रास्ता रोकने के साथ ही गाडी का दरवाजा खोलकर जज का कालर पकडकर खीचने के साथ ही उनका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश के साथ ही सरकारी काम को जाते वख्त बाधा पैदा करना और जान से मारने की धमकी देने के साथ ही गाली-गलौज करने के मामले में सदर कोतवाली के गौरादेवी निवासी अभियुक्त रामदास सविता (वकील) पुत्र स्व0 राम स्वरुप के खिलाफ अ0सं0-331/2023 धारा 341,307,504, 506,353, 332,189, 417 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर के ए0डी0जे0 फर्स्ट अदालत के स्कालर जज ने अभियुक्त रामदास को गुनाहगार मानते हुये तीन साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ दस हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि धारा 307 सहित 417 आईपीसी में अभियुक्त को बेगुनाह करार दिया गया, जबकि मामले की जांच एस आई सुरेन्द्र प्रताप यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में अभियुक्त के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में अभियोजन की तरफ से जोरदार पैरवी करते हुये एडीसी राजेश कुमार तिवारी ने बचाव पक्ष की दलीलों की हवा निकाल दी।

### सरकारी ऑफिस में छत का प्लास्टर गिरा एक कर्मचारी घायल



**लखनऊ।** में एक सरकारी ऑफिस में छत का प्लास्टर टूट कर कर्मचारी पर आ गिरा, जिससे कर्मचारी घायल हो गया। आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना आईटी चौराहे पर स्थित संभागीय खाद्य नियंत्रक ऑफिस में दोपहर एक बजे हुई। घायल कर्मचारी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि वह कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। रूटीन में अपने टेबल पर काम कर रहे थे। छत का बड़ा सा प्लॉस्टर उनके ऊपर आकर गिरा। सिर और हाथ में चोट आई। कंप्यूटर, प्रिंटर समेत टेबल पर रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया- प्लास्टर गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि सभी दहशत में आ गए। गनीमत रही प्लास्टर का पूरा टुकड़ा मेरे पर नहीं गिरा, जिससे जान बच गई। दोबारा टेबल पर जाकर काम करने की हिम्मत नहीं हो रही है। हम सभी कर्मचारी दहशत में हैं। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सूर्य नारायण मिश्रा ने बताया- 1986 में खाद एवं रसद विभाग ने लखनऊ विकास प्राधिकरण ( LDA) से किराए पर भवन लिया था। लगभग 40 साल हो गए हैं। इस भवन में किसी भी प्रकार का मेंटेनेंस या रखरखाव का काम नहीं किया गया। उन्होंने कहा- LDA को किराया लेना याद रहता है। मगर मेंटेनेंस कराना भूल गया। भवन इतना जर्जर हो चुका है कि अक्सर इसके प्लास्टर गिरा करते हैं, खिड़कियां लटक गई हैं। सरिया लटक रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह यादव ने बताया- ऑफिस में लगभग 80 कर्मचारी काम करते हैं। 10 कमरे हैं। सभी कमरों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। ऐसा कैमरा नहीं है, जिसका प्लास्टर ना टूटा हो और स्थिति जर्जर ना हो। उसके बाद भी हम सभी लोग इसी जानलेवा कमरों में बैठकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज हमारा एक साथी दुर्घटना का शिकार हुआ है। पिछले 5 सालों से हम लोग जर्जर भवन की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। हमने कई बार पत्र लिखा कर और मौखिक शिकायत की। LDA समेत विभाग के आला अधिकारी कोई भी सुनवाई नहीं कर रहा है।

## संपादकीय

## विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्राय: भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपतति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

## कनीना-दादरी मार्ग पर तलवाना के समीप सडक हादसे में बाइक चालक की मौत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव खेडी तलवाना के समीप घटित एक सडक हादसे में बाईक सवार सहित दो व्यक्ति घायल हो गए। जिनमें से एक ने दम तोड दिया। इस बारे में पवन कुमार वासी खेडी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार सायं करीब सवा चार बजे अपने साथी देवेंद्र उर्फ टोनी की बाईक पर सवार होकर सेहलंग की ओर जा रहा था। देवेंद्र बाईक को चला रहा था। तलवाना में बने फिलिंग स्टेशन के समीप पंहुचे तो उनके आगे चल रहे बाइक सवार ने लापरवाही बरतते हुए बाईक को फिलिंग स्टेशन की ओर मोड दी। जिससे उनकी बाईक अंसतुलित हो गई ओर फिलिंग स्टेशन के डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वहां पहले से बैठे स्याणा के एक व्यक्ति प्रीतम को भी चैटें आई। हादसे का कारण उनके आगे चल रहे अज्ञात बाईक चालक द्वारा बिना संकेत किए अक्समात बाईक को मोडने का रहा। घायल देवेंद्र उर्फ टोनी व प्रीतम को सीएचसी सेहलंग में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया तथा प्रीतम का उपचार कर पुलिस ने पवन की शिकायत पर हादसे के आरोपी बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर शव का पंचनामा करवा कर परिजनों को सौंप दिया। जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## न्यायिक परिसर कनीना में 8 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी 8 मार्च को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट सुनील यादव रामबास ने बताया कि 8 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण मामले, बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले, एमवी तथा एनआई एक्ट सहित उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले, इजमेंट्री का अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी मामले निपटारे के लिए रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में हिस्सा लेकर केसों का निपटारा करवा सकते हैं।

## सनातन संस्कृति, स्वधर्म व स्वाभिमान की ज्योति जलाई स्वामी श्रद्धानंद ने : आर्य

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** स्वाभिमान व स्वधर्म के रक्षक के रुप में स्वामी श्रद्धानंद को उनकी जयंती पर आर्य समाज व आर्य शिक्षण संस्थाओं द्वारा याद किया गया। वरिष्ठ आर्य समाजी कन्हैयालाल आर्य ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का जन्म 22 फरवरी 1856 को पंजाब के जालंधर में हुआ था। वह सफल वकील भी रहे। अपनी वकालत से उन्होंने काफ़ी नाम और प्रसिद्धि प्राप्त की। स्वामी श्रद्धानंद देश की आजादी के ऐसे क्रांतिकारी सन्यासी रहे हैं जिन्होंने देश में सनातन संस्कृति, स्वधर्म व स्वाभिमान की ज्योति जलाई थी। उनकी दृढ़ता के सामने तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत भी स्वयं को वेबस पाती थी। स्वामी श्रद्धानंद राष्ट्र व मानवता के जहां रक्षक थे, वहीं उनके भीतर निडरता, सहिष्णुता, करुणा व उदारता भी समाहित थी।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा हिसार जिला इकाई का हुआ विस्तार वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजीव कुमारी जिला सलाहकार नियुक्त

### पत्रकारिता के साथ- साथ लेखिका व साहित्यकार भी हैं डॉ. संजीव कुमारी

समाचार गेट/ब्यूरो

**हिसार।** हिसार (हरियाणा) की वरिष्ठ पत्रकार लेखिका व साहित्यकार डॉ. संजीव कुमारी श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की जिला हिसार इकाई की सलाहकार घोषित कि गई हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्दु बंसल ने की है। इस अवसर पर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता व श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा (स्क्र॥) की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्दु बंसल जैन ने हरियाणा के हिसार जिला इकाई की नवनियुक्त सलाहकार डॉ. संजीव कुमारी (हिसार) को संघ के हिसार जिला इकाई की सलाहकार नियुक्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि डॉ. संजीव कुमारी एक समर्पित और अनुभवी पत्रकार हैं, जिनका प्रदेश में पत्रकारिता व साहित्य के प्रति योगदान सराहनीय रहा है। हिसार जिला इकाई के सलाहकार पद पर उनकी नियुक्ति श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है।

डॉ. बंसल ने कहा,डॉ. संजीव कुमारी (हिसार) के अनुभव पर हमें पूरा विश्वास है कि संगठन नए आयामों को छुएगा और पत्रकारों के हितों के लिए वह अपनी ऊर्जा और ज्ञान का सर्वोत्तम उपयोग करेंगी जिससे हमारा संगठन नए आयाम स्थापित करेगा।



डॉ. बंसल ने कहा कि, श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा पत्रकारों के अधिकारों और उनकी आवाज़ को बुलंद करने के लिए सदैव समर्पित रहा है। डॉ. संजीव कुमारी ने एक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी को स्वीकार किया है। हमें पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में संघ निश्चित रूप से हरियाणा में पत्रकारों के हितों के लिए अद्वितीय कार्य करेगा। प्रदेश पदाधिकारियों ने डॉ. संजीव कुमारी के जिला हिसार सलाहकार पद पर नियुक्ति व उनके आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजेश आहूजा (सोनीपत), प्रदेश संरक्षक डॉ. डीएल मल्होत्रा (सोनीपत),प्रदेश सलाहकार विजय सभरवाल (कुरुक्षेत्र), प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल धीमान (कुरुक्षेत्र), प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र केम (करनाल), प्रदेश सचिव प्रीतम राठौर (कुरुक्षेत्र), प्रदेश सचिव नितिन वालिया (भिवानी) प्रदेश सह- सचिव शेलेन्द्र जैन (करनाल), प्रदेश सह सचिव सतीश बंसल (सिरसा), प्रदेश सह- सचिव पंकज सिंगला (पानीपत), प्रदेश सह- सचिव जरनैल रंगा (कुरुक्षेत्र), प्रदेश संग़ठन प्रचारक वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक (कुरुक्षेत्र), प्रदेश प्रवक्ता नवीन बंसल (सोनीपत), कुरुक्षेत्र इकाई के मुख्य सलाहकार कृष्ण धमीजा, चंडीगढ़ इकाई के मुख्य संरक्षक हरमिंदर नागपाल, चंडीगढ़ इकाई के मुख्य सलाहकार धर्मपाल वर्मा, गुरुग्राम इकाई के मुख्य सलाहकार ऋषि प्रकाश कौशिक,पंचकूला इकाई के मुख्य संरक्षक कुलवंत शर्मा,पंचकूला इकाई के सलाहकार सुभाष कोहली,अम्बाला इकाई के मुख्य संरक्षक रत्तन सिंह ढिल्लो व जिला सलाहकार तजिंदर शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेश राजपूत (सोनीपत) सहित भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे। सभी ने संघ की संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्दु बंसल के नेतृत्व में संघ को और सशक्त करने का संकल्प लिया।

## जाटुसाना-गुरावड़ा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थापित किए जाने की दिशा में होगा कार्य : राव नरबीर सिंह

### बेहतर शिक्षा व्यवस्था से साकार होगी विकसित भारत की अवधारणा

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि रेवाड़ी के जाटुसाना-गुरावड़ा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थापित किए जाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे ताकि इस इलाके का भी गुरुग्राम की तरह ही विकास हो और यहां के युवाओं को रोज़गार के अधिक अवसर मिल सके।

मंत्री राव नरबीर सिंह रेवाड़ी जिला में गुरावड़ा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शी तरीके से बिना खर्ची पर्ची के रोजगार देने का कार्य किया है, इसका सबसे अधिक लाभ रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ सहित पूरे दक्षिण हरियाणा को मिला है। क्लास वन जैसे बड़े पदों पर रेवाड़ी के विद्यार्थी चयनित हुए हैं। उन विद्यार्थियों में ज्यादातर बच्चे सरकारी स्कूलों से पढ़े हुए हैं।



उन्होंने कहा कि गुरावड़ा स्कूल की स्थापना के बाद क्षेत्र की लड़कियों को शिक्षा हासिल करने के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ता। राव नरबीर ने कहा कि गुरावड़ा में जल्द ही परीक्षा केंद्र बनवाने का प्रयास किया जाएगा। यहां सोलर प्लांट लगवाने सहित अन्य मांग भी जल्द पूरी की जाएगी। उद्योग की वजह से ही रोजगार सृजन होते हैं इसलिए गुरावड़ा के आसपास औद्योगिक इकाई लगाने का प्रयास करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में रिकॉर्ड तोड़ विकास किए हैं और आगे भी विकास की गति और बढ़ेगी। उन्होंने बच्चों की ड्रेस के लिए 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा भी की। कैबिनेट मंत्री ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

## देश की आजादी की लड़ाई में कस्तूरबा गांधी का भी रहा बड़ा योगदान

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** देश की आजादी में महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। देश का इतिहास महिलाओं के बलिदान की गाथाओं से भरा पड़ा है। महिलाओं से राजनीति, अर्थव्यवस्था, युद्ध, शांति, संस्कृति व परंपरा अछूती नहीं रही है। इन्हीं में से एक कस्तूरबा गांधी, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पत्नी थी, उनका योगदान भी देश की आजादी की लड़ाई में कुछ कम नहीं रहा है। कस्तूरबा गांधी को बा के नाम से भी संबोधित किया जाता था। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए महिला संगठनों की वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 11 अप्रैल 1869 को गुजरात के पोरबंदर नगर में हुआ था। 7 वर्ष की अवस्था में 6 साल के मोहनदास के साथ उनकी सगाई कर दी गई थी और 13 वर्ष की आयु में उन दोनों का विवाह हो गया था। कस्तूरबा गांधी जी से 6 मास बड़ी थीं। स्वतंत्र भारत की कल्पना उन्होंने भी की थी। उन्होंने हर क़दम पर अपने पति मोहनदास करमचंद गाँधी का साथ निभाया था। माना जाता है कि यदि बा का साथ गांधी जी को नहीं मिलता तो गाँधी जी के सारे अहिंसक प्रयास इतने कारगर नहीं होते। जब-जब गाँधी जी जेल गए थे तो बा स्वाधीनता संग्राम के सभी अहिंसक प्रयासों में अग्रणी बनी रहीं। कस्तूरबा गांधी के प्रेरणास्त्रोत बापू ही थे। वक्ताओं ने कहा कि 9 अगस्त 1942 में उन्हें गिरफ्तार कर पूणा के आगाखां महल भेज दिया गया था। उनका स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया और 22 फरवरी 1944 को उनका निधन हो गया था। इंदौर में उनकी स्मृति में कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट की स्थापना भी की गई थी। वक्ताओं ने देश की महिलाओं से आग्रह किया कि वे कस्तूरबा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें, ताकि देश व समाज का भला हो सके और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल सके।

## मौलाना आजाद थे कवि, लेखक, पत्रकार व महान स्वतंत्रता सेनानी : राजेश पटेल

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में शामिल और स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद क्रांतिकारी विचारों के लिए जाने जाते हैं। अरविंद घोष व श्याम सुंदर चक्रवर्ती से मिलने के बाद तत्कालीन ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी आंदोलन से वे जुड़ गए थे। उन्होंने उत्तर भारत व मुंबई में खूफिया क्रांतिकारी केंद्र भी स्थापित किए थे। उक्त बात सामाजिक संस्था डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए कही। उन्होंने बताया कि उनका जन्म 11 नवम्बर 1888 को सउदी अरब के मक्का में हुआ था। मौलाना आजाद उलेमाओं के ख़ानदान से ताल्लुक रखते थे। इस्लामी शिक्षा के अलावा उन्होंने दर्शन शास्त्र, इतिहास व गणित की शिक्षा भी प्राप्त की थी। उन्हें उर्दू, फ़ारसी, हिन्दी, अरबी तथा अंग्रेजी भाषाओं में महारथ हासिल थी। वह क्रांतिकारी व पत्रकार के रुप में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ थे।

उन्होंने राष्ट्रवाद व क्रांतिकारी विचारों का प्रचार करने के लिए कई साप्ताहिक उर्दू की पत्रिकाएं भी शुरु की थी। वह देश को आजाद कराने के लिए जहां असहयोग आंदोलन के समर्थक रहे वहीं खिलाफत आंदोलन की शुरुआत भी उन्होंने ही की थी। केंद्र सरकार ने वर्ष 1992 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरांत सम्मानित किया था। वह कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वह महात्मा गांधी के सिद्धांतों के समर्थक भी थे। उन्होंने उन्होंने अंग्रेजी सरकार को आम आदमी के शोषण के लिए जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंनेकहा कि 1957 के संसदीय चुनाव में गुडग़ांव संसदीय सीट से वह कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में सांसद चुने गए थे। उन्होंने 11 वर्षों तक राष्ट्र की शिक्षा नीति का मार्गदर्शन किया। उनको ही देश में आईआईटी व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना का श्रेय है। उन्होंने शिक्षा और संस्कृति को विकसित करने के लिए उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की थी। उनका निधन 22 फरवरी 1958 को हो गया था। पटेल का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद के विचारों को आत्मसात करना चाहिए ताकि देश में शिक्षा का स्तर और अधिक तेजी से ऊपर उठ सके।

## विंटेज कारों की अगुवाई में निकली श्रीश्याम बाबा की शोभा यात्रा

### श्री सिद्धेश्वर मंदिर से शुरू होकर कई स्थानों से होकर गुजरी शोभा यात्रा

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 37वां श्री श्याम बसंत महोत्सव शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन भव्य शोभा, कलश व ध्वजा यात्रा निकाली गई। विशेषता यह रही कि यात्रा की अगुवाई विंटेज कारों द्वारा की गई। 22 फरवरी से शुरू हुआ यह महोत्सव 24 फरवरी तक चलेगा। मंडल के प्रधान राजकुमार कौशिक ने बताया कि शनिवार को शोभा यात्रा, कलश यात्रा व ध्वजा यात्रा निकाली गई। यात्रा को भव्य बनाते हुए विंटेज कारों को बुलवाया गया था। गुरुग्राम की सडक़ों पर श्री श्याम बाबा की यात्रा की अगुवाई विंटेज कारों के साथ देखकर लोगों में उत्सुकता बढ़ गई। राह चलते लोग भी यात्रा की तस्वीरें अपने मोबाइल में कैद कर रहे थे। इस यात्रा में कई मशहूर बैंड भी शामिल हुए। श्याम बाबा का फूलों से सजा भव्य रथ भी आकर्षण का केंद्र रहा। गुरुग्राम श्याम बाबामय हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में बदरवाल गुरप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज व विधायक मुकेश शर्मा, पूर्व विधायक सुधीर सिंगला ने शिरकत की। उन्होंने यात्रा की शुरुआत की। शोभा एवं कलश यात्रा सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण से शुरू होकर ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स, भूतेश्वर मंदिर चौक, बड़ा बाजार, सदर बाजार, डाकखाना चौक, सिविल अस्पताल, अग्रवाल धर्मशाला चौक से गुरुद्वारा के आगे से वापस मंदिर पहुंची।





रंग-बिरंगे फूलों से सजे रथ, कई बैंड-बाजे, रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। बच्चे भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। इस महोत्सव को लेकर शहर में रंग-बिरंगी लडियों से सजावट की गई है। कार्यक्रम स्थल ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स और श्री सिद्धेश्वर मंदिर के चारों तरफ की सडक़ों पर दूर-दूर तक लडियां लगाई गई हैं। एलईडी लाइट्स से बनीं देवी-देवताओं की तस्वीरें भी विशेष तौर पर जगह-जगह लगाई गई हैं। कार्यक्रम में शिरकत करने वाले लोगों के स्वागत के लिए तोर्णा द्वार सजाए गए हैं। पूर्व प्रधान विष्णु मंगला, संतराम शर्मा, धर्मशाला प्रधान विपिन गुप्ता, सुशील कुमार शर्मा, अजय गुप्ता, हरिकिशन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सचिन मित्तल, जगदीश अग्रवाल, राकेश शर्मा, वेद अग्रवाल, शिव बंसल समेत सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए कई दिन से मेहनत कर रहे हैं।

## कनीना नपा चुनाव के लिए प्रचार अभियान ने पकडी गति

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** आगामी 2 मार्च, रविवार, को होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव को लेकर चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों की ओर से प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उनकी ओर से आमजन से जुडी रोजमर्रा की बुनियादी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया जा रहा है। कनीना में 14 वार्ड के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पेयजल सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होगीं। उपमंडल आधिकारी नागरिक द्वारा सभी मतदान केंद्रो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाजया लिया जा चुका है। अभी तक कोई संवेदनशील बूथ नहीं बनाया गया है फिर भी जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाएगें। नगर में 14 वार्डों के लिए कुल 10413 मतदाता हैं जिनमें 5376 पुरूष व 5037 महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव मैदान में 7 महिला प्रत्याशी चेयरमैन पद व 41 प्रत्याशी वार्ड मेम्बर के रूप में डटे हुए हैं जिनके लिए मतदान होना है। 2 मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। सुमन देवी, सरिता सिंह, रिंपी कुमारी, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन सहित सात महिला उम्मीद्वार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें मुकाबला माना जा रहा है। इसी प्रकार 14 वार्डों के मुकाबले 41 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनकी ओर से चुनाव प्रचार किया जा रहा है।

**प्रत्याशियों द्वारा आमजन से जुडी रोजमर्रा की समस्याओं के निराकरण का दिया जा रहा आश्वासन**



इन प्रत्याशियों में वार्ड नम्बर एक से मंजू व निर्मला दो से सुनील कुमार व दीपक सिंह तीन से उषा यादव,सुमेर सिंह व थान सिंह चार से अंजू,रेखा रानी, रेखा व प्रियंका सोनी पांच से कमल यादव, राजकुमार व पंचम यादव छह से हेमराज, संदीप कुमार व राकेश कुमार सात से उषा देवी, राजेश देवी व कमला देवी आठ से नीलम कुमारी व पूजा नो से राजेश कुमार, सजन सिंह, नितेष गुप्ता, पूनम कुमार व दीपक कुमार 10 से नितिन, योगेश व अनिल कुमार 11 से होशियार सिंह व रविंद्र कुमार 12 से राखी कुमारी, पूनम यादव व सुमन देवी 13 से ममता, प्रदीप यादव, सुबेसिंह व देशराज 14 से राजेंद्र सिंह व अनूप यादव चुनाव मैदान में है। एक,दो,आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें मुकाबला माना जा रहा है।

चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो मार्च को शांतिपूर्वक मतदान के लिए सभी बंदोबस्त किए जा रहे हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता का हरहाल में पालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 12 तारीख को सुबह आठ बजे से कडी सुरक्षा के बीच राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में मतगणना की जायेगी।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य इजराइल में कई बसों में विस्फोट, आतंकी हमले का संदेह : पुलिस



**बैट याम (इजराइल), एजेंसी।** इजराइली पुलिस ने कहा कि गुरुवार शाम को केंद्रीय शहर बैट याम में कई बसों में विस्फोट हुए, जिसे उन्होंने आतंकवादी हमला बताया. एक अधिकारी ने कहा कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ. पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार एक संदिग्ध आतंकवादी हमले की जानकारी मिली है. बैट याम में विभिन्न स्थानों पर कई बसों में विस्फोट की कई रिपोर्ट है. बयान में कहा गया है कि संदिग्धों की तलाश के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं. इसमें कहा गया है कि पुलिस की बम निरोधक इकाइयां अतिरिक्त संदिग्ध वस्तुओं की तलाश कर रही हैं. हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे उन क्षेत्रों से बचें और किसी भी संदिग्ध वस्तु के प्रति सतर्क रहें. बैट याम के मेयर त्ज्विका ब्रॉट ने एक वीडियो बयान में कहा कि विस्फोट दो अलग-अलग पार्किंग स्थलों में दो बसों में हुए. ब्रॉट ने कहा कि इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि विस्फोटों के कारण अभी भी स्पष्ट नहीं हैं. कुछ इजरायली नेटवर्क द्वारा प्रसारित टेलीविजन फुटेज में एक पूरी तरह जली हुई बस दिखाई गई, जबकि दूसरी बस में आग लगी हुई थी. इजरायली मीडिया ने कहा कि देश भर के बस चालकों को अतिरिक्त संभावित विस्फोटक उपकरणों के लिए अपनी बसों को रोकने और उनकी जांच करने के लिए कहा गया है।

### जोहान्सबर्ग में एस. जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से की मुलाकात, भारत-रूस सहयोग पर चर्चा



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और यूक्रेन संकट सहित वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर खुशी हुई और उन्होंने रूस-भारत सहयोग की प्रगति को लेकर बातचीत की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी सोशल मीडिया 'एक्स' पर इस बैठक की जानकारी साझा करते हुए लिखा कि रूस और भारत के विदेश मंत्रियों ने जी20 मंत्री स्तरीय बैठक के दौरान मुलाकात की। इससे पहले जयशंकर ने सिंगापुर और ब्राजील के विदेश मंत्रियों से भी अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा वैश्विक स्थिति पर चर्चा की। इस बातचीत को लेकर जयशंकर ने कहा, सिंगापुर के विदेश मंत्री के साथ अच्छी चर्चा हुई। इस बार जोहान्सबर्ग में जी20 बैठक के दौरान हमने वैश्विक स्थिति और आपसी सहयोग पर बात की। जयशंकर दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिवसीय दौरे पर हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक इस बैठक में भारत की भागीदारी जी20 देशों के साथ सहयोग को मजबूत करेगी और वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त बनाएगी। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका ने 1 दिसंबर 2024 से नवंबर 2025 तक जी20 की अध्यक्षता संभाली है और इस वर्ष की थीम एकजुटता, समानता और स्थिरता रखी गई है।

### श्रीलंका में यात्री ट्रेन से टकराने के बाद छह हाथियों की मौत

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में एक वन्यजीव अभयारण्य के पास एक यात्री ट्रेन के झुंड से टकराने से कम से कम छह हाथियों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, राजधानी कोलंबो से लगभग 200 किलोमीटर (124 मील) दूर मिननेरिया के पास हुई टक्कर में चार हाथियों के बच्चे और दो वयस्कों की मौत हो गई। सरकार के वन्यजीव विभाग के प्रवक्ता हसिनी सरथचंद्र ने कहा कि यह क्षेत्र अपने प्राकृतिक पार्क और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है। स्थानीय टेलीविजन चैनलों ने दिखाया कि टक्कर के बाद ट्रेन का इंजन और कई डिब्बे पटरी से उतर गए। एक रेलवे अधिकारी ने कहा कि कोई यात्री घायल नहीं हुआ, जिन्होंने नाम बताने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं थी। सरथचंद्र ने कहा कि वन्यजीव विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मिननेरिया राष्ट्रीय उद्यान में हर साल हजारों पर्यटक हाथियों को उनके जंगली आवासों में देखने की उम्मीद में आते हैं। यह हाथी गलियारे का हिस्सा है जो कौदुल्ला और वासगामुवा राष्ट्रीय उद्यानों को जोड़ता है।

# भारतीय जीवविज्ञानी, वन्यजीव संरक्षणकर्ता को सम्मान; पूर्णिमा बनीं टाइम वुमन ऑफ द ईयर 2025



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत की जीवविज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणकर्ता पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम मैगजीन की वुमन ऑफ द ईयर 2025 सूची में शामिल किया गया है। यह सूची दुनिया की उन 13 महिलाओं को सम्मानित करती है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रही हैं। पूर्णिमा देवी बर्मन इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। उनके साथ हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकोट भी इस सूची में शामिल हैं, जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई है।

**पूर्णिमा को पर्यावरण संरक्षण का जुनून :** साल 2007 में एक घटना ने पूर्णिमा देवी बर्मन का जीवन बदल दिया। जब उन्हें खबर मिली कि असम में एक पेड़ काटा जा रहा है, जिस पर हर्गिला पक्षी (ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क) के घोंसले थे। जब उन्होंने पेड़ काटने का कारण पूछा, तो वहां मौजूद लोग उनका मजाक उड़ाने लगे। लेकिन उनके मन में सिर्फ उन पक्षियों का ख्याल आया, जिनके छोटे-छोटे बच्चे घोंसले में थे। उन्होंने महसूस किया कि प्रकृति की रक्षा करना उनका कर्तव्य है और यहीं से उनके मिशन की शुरुआत हुई।

**हर्गिला पक्षी के संरक्षण से बदली तस्वीर :** उस समय असम में केवल 450 हर्गिला पक्षी बचे थे, लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 1,800 से ज्यादा हो गई है। उनके प्रयासों की बदौलत 2023 में इस पक्षी की स्थिति इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की लिस्ट में लुप्तप्राय से बदलकर निकट संकटग्रस्त कर दी गई।

**हर्गिला आर्मी का अनोखा अभियान :** दरअसल, पूर्णिमा देवी बर्मन ने इन पक्षियों को बचाने के लिए महिलाओं की एक टीम बनाई, जिसे हर्गिला आर्मी नाम दिया। इस समूह में 20 हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं, जो पक्षियों की रक्षा करने के साथ-साथ लोगों को इनके महत्व के बारे में जागरूक करती हैं। अब यह अभियान असम से भारत के अन्य हिस्सों और कंबोडिया तक फैल चुका है। यहां तक कि फ्रांस के स्कूलों में भी उनके काम को पढ़ाया जा रहा है।

**संस्कृति का हिस्सा बना हर्गिला पक्षी :** पूर्णिमा देवी बर्मन ने हर्गिला पक्षी को लोगों की संस्कृति से जोड़ने के लिए कई तरीके अपनाए हैं। जिसमें महिलाएं हर्गिला पक्षी की डिजाइन वाली साड़ियां और शॉल बुनकर आजीविका कमा रही हैं। इसके अलावा, गाने, उत्सव और यहां तक कि नवजात हर्गिला चूजों के लिए बेबी शॉवर भी आयोजित किए जाते हैं। इस पर पूर्णिमा का कहना है कि, अब यह पक्षी हमारी परंपरा और संस्कृति का हिस्सा बन चुका है।

**महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण :** टाइम मैगजीन ने कहा कि वुमन ऑफ द ईयर सूची में उन्हीं महिलाओं को जगह दी जाती है, जो महिलाओं और लड़कियों की जिंदगी में बदलाव ला रही हैं। पूर्णिमा देवी बर्मन न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण कर रही हैं, बल्कि महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बना रही हैं। उनका काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

### इस्राइल में शुरू हुआ भारतीय फिल्म महोत्सव

**येरूशलम, एजेंसी।** भारत को वैश्विक फिल्म निर्माण केंद्र बनाने के सरकारी प्रयासों और 'वेव्स 2025' की तैयारी के बीच इस्राइल में भारतीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत हुई। फिल्म निर्माता किरण राव की फीचर फिल्म 'लापता लेडीज' की स्क्रीनिंग के साथ शुरू हुए इस महोत्सव में 'दंगल', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'मिमी', 'इंग्लिश विंग्लिश' और '777 चार्ली' जैसी पांच अन्य फिल्मों को भी दिखाया जाएगा। महोत्सव आठ मार्च को समाप्त होगा।

### अस्पताल मे भर्ती पोप से मिलीं इटली की प्रधानमंत्री मेलनी

**रोम, एजेंसी।** निमोनिया से पीड़ित पोप फ्रांसिस (88) के स्वास्थ्य की जानकारी लेने इटली की पीएम जियोर्जिया मेलनी अस्पताल पहुंचीं। मेलनी ने कहा, पोप बातचीत कर रहे हैं और 'ब्रोंकाइटिस' संक्रमण के कारण पिछले छह दिन से अस्वस्थ हैं। उन्होंने कहा, वह और पूरा देश पोप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी पोप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वेंस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आइए, हम सभी पोप फ्रांसिस के लिए प्रार्थना करें।

## डॉनल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक और वफादार काश पटेल बने एफबीआई के नौवें निदेशक



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपने वफादार और भारतीय मूल के काश पटेल को फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के नौवें निदेशक के रूप में नियुक्त किया है. राष्ट्रपति के सहायक और व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ डैन स्कैविनो ने इस बात की पुष्टि की है. बता दें, इस नियुक्ति को अमेरिका की शीर्ष जांच एजेंसी की नेतृत्व संरचना में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है. स्कैविनो ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस में एक समारोह में पटेल के कमीशन पर हस्ताक्षर किए हैं. जानकारी के मुताबिक ट्रंप के कट्टर समर्थक माने जाने वाले काश पटेल की नियुक्ति के लिए अमेरिकी सीनेट ने 49 के मुकाबले 51 मतों से मंजूरी दी है. सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए स्कैविनो ने लिखा कि कुछ समय पहले ओवल ऑफिस में संघीय जांच ब्यूरो के नौवें निदेशक, काश पटेल को बधाई. उन्होंने आगे लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर आयोग पर हस्ताक्षर कर दिए हैं.

वहीं, व्हाइट हाउस ने नए एफबीआई निदेशक के रूप में काश पटेल की नियुक्ति का स्वागत किया और इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईमानदारी बहाल करने और कानून के शासन को कायम रखने के एजेंडे को क्रियान्वित करने में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. व्हाइट हाउस ने इस बात पर भी जोर दिया कि एफबीआई अब निष्पक्ष और बिना किसी पूर्वाग्रह के न्याय लागू करने के अपने मूल मिशन पर ध्यान केंद्रित करेगी. पोस्ट में लिखा गया कि एफबीआई अमेरिकी लोगों की सेवा करेगी और अपने मूल मिशन पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## अजरबैजान ने बीबीसी न्यूज के संचालन पर लगाई रोक

**बाकू, एजेंसी।** अजरबैजान ने बृहस्पतिवार को अपने देश में बीबीसी न्यूज के संचालन पर रोक लगा दी। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि वह देश में सिर्फ एक पत्रकार को ही काम करने की अनुमति देगा। विदेश मंत्रालय ने इस निर्णय का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि बाकू हमेशा विदेशी देशों के मीडिया के साथ अपने संबंधों और निर्णयों में पारस्परिकता के सिद्धांत का पालन करता है। हाल के वर्षों में अजरबैजान में प्रेस स्वतंत्रता के हालात खराब हुए हैं। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के अनुसार, वहां कम से कम 21 मीडिया पेशेवर वर्तमान में जेल में हैं। हालांकि, राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने पत्रकारों की गिरफ्तारी पर आलोचना को खारिज करते हुए कहा है कि अजरबैजान में एक स्वतंत्र प्रेस और स्वतंत्र इंटरनेट है। गौरतलब है कि बीबीसी की अजरबैजानी सेवा 1994 से संचालित हो रही है। प्रति सप्ताह औसतन 10 लाख लोगों तक इसक पहुंच है। यह निर्णय अजरबैजान में मीडिया स्वतंत्रता पर चल रही बहस को और बढ़ा सकता है।

# सात लैटिन अमेरिकी संगठन आतंकी इकाई घोषित



**ओटावा, एजेंसी।** अमेरिका के बाद अब कनाडा ने भी 7 लैटिन अमेरिकी आपराधिक समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई कनाडा की आपराधिक संहिता के तहत की गई है। नागरिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने कहा कि अब कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियां फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ मजबूती से कार्रवाई कर सकेंगी। आतंकवादी संगठनों की सूची में मैक्सिको के सिनालोआ कार्टेल, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल और ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना को शामिल किया गया है। आतंकवादी समूहों के रूप में नामित अन्य संगठन मैक्सिको से कार्टेल डेल गोल्फो, कार्टेल्स यूनिडोस, वेनेजुएला में ट्रेन डी अरागुआ, मारा साल्वाट्रुचा और एमएस-13 शामिल हैं। एमएस-13 कैलिफोर्निया में शुरू हुआ, लेकिन वह अल-साल्वाडोर में एक प्रमुख आपराधिक ताकत के रूप में उभरा। ये उपाय फेंटेनाइल पर लगाम कसने में करेंगे मददः मैकगिन्टी नागरिक सुरक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने बताया कि ये उपाय कनाडा की सड़कों से फेंटेनाइल को दूर रखने और अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने में मदद करेंगे। बैंक और ब्रोकरेज संस्थाओं की संपत्ति को करेंगे फ्रीज मैकगिन्टी ने कहा कि बैंक और ब्रोकरेज इन संस्थाओं की संपत्ति को फ्रीज कर देंगे, जिन्हें प्रतिबंधित या जब्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी सूचीबद्ध आतंकवादी समूह की किसी भी गतिविधि में जानबूझकर भाग लेना या उसमें योगदान देना भी एक अपराध है। खुफिया रिपोर्टों के बाद की गई सूचिबद्ध करने की प्रक्रिया मैकगिन्टी ने बताया कि सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया खुफिया रिपोर्टों के बाद की गई, जिसमें यह देखा गया कि किसी संगठन ने जानबूझकर आतंकवादी गतिविधि को अंजाम दिया है या अंजाम देने का प्रयास किया है। इसके अलावा, यह भी देखा गया कि क्या किसी संगठन ने आतंकवादी गतिविधि में भाग लिया है या उसे बढ़ावा दिया है। आतंकवादी संगठन को सूचिबद्ध करने के लिए अपनानी पड़ती है कठोर प्रक्रिया मैकगिन्टी ने कहा कि किसी समूह को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए एक कठोर प्रक्रिया का पालन करना पड़ता है, जिसे कानूनी सीमा को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लगता है कि सीमा पार हो गई है, तो मंत्री संघीय कैबिनेट को यह सिफारिश कर सकते हैं कि संगठन को सूची में जोड़ा जाए। कनाडा में अपराध गिरोह के काम करने की पुख्ता जानकारीः डुहेम्र रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) आयुक्त माइक डुहेम ने कहा कि आरसीएमपी के पास खुफिया जानकारी है जो दर्शाती है कि कनाडा में अपराध गिरोह काम करते हैं। उन्होंने कहा, इस बात की भी पुख्ता खुफिया जानकारी है कि कनाडा में कुछ वस्तुओं के परिवहन को सुविधाजनक बनाने के लिए कनाडाई वास्तव में मैक्सिको और दक्षिण अमेरिका चले गए हैं। कनाडा ने केविन ब्रोसेउ को नियुक्त किया है फेंटनाइल जार बता दें कि कनाडा ने हाल ही में आरसीएमपी के पूर्व सदस्य और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार केविन ब्रोसेउ को अमेरिका में ड्रग्स के प्रवेश को रोकने में मदद करने के लिए अपना फेंटेनाइल जार नियुक्त किया है।

## तीसरा विश्व युद्ध होने से किसी को कोई लाभ नहीं है, यह भी सच है कि आप इससे बहुत दूर नहीं हैं: डोनाल्ड ट्रंप



**मियामी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में एफआईआई प्राथमिकता शिखर सम्मेलन में बोलते हुए चेतावनी दी कि तीसरा विश्व युद्ध दूर नहीं है. हालांकि, उन्होंने दावा किया कि उनके नेतृत्व में अमेरिका इसे रोकेगा. ट्रंप ने कहा कि अगर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन जारी रहता, तो दुनिया में युद्ध हो रहा होता. उन्होंने कहा कि तीसरा विश्व युद्ध होने से किसी को कोई लाभ नहीं है लेकिन यह भी सच है कि आप इससे बहुत दूर नहीं हैं.

मैं आपको अभी बताता हूं. आप इससे बहुत दूर नहीं हैं. ट्रंप ने कहा कि हालांकि अमेरिका इनमें से किसी भी युद्ध में भाग नहीं लेगा, लेकिन वह उन्हें रोक देगा. उन्होंने कहा कि हम लोगों को इन मूर्खतापूर्ण, कभी न खत्म होने वाले युद्धों से रोकेंगे. हम खुद उनमें हिस्सा नहीं लेंगे, लेकिन हम किसी से भी कहीं ज्यादा मजबूत और शक्तिशाली होंगे. अगर कभी युद्ध हुआ, तो कोई भी हमारे करीब नहीं आ पाएगा, लेकिन हमें नहीं लगता कि ऐसा कभी होने वाला है.

ट्रंप ने एक्स पर एक पोस्ट में एलन मस्क को उद्धृत किया और कहा कि एलन मस्क यूक्रेन पर राष्ट्रपति की सहज बुद्धि बिल्कुल सही है. यह वास्तव में दुखद है कि इतने सारे माता-पिता ने अपने बेटों को खो दिया है, और इतने सारे बेटों ने अपने पिता को इस निरर्थक युद्ध में खो दिया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेन में चल रहे युद्ध को लेकर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की पर निशाना साधा और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूरोप की तुलना में 200 बिलियन अमरीकी डॉलर ज्यादा खर्च किए हैं, जबकि यूरोप का वित्तीय योगदान गारंटीकृत है और अमेरिका को कोई रिटर्न नहीं मिला.

ट्रंप ने जेलेंस्की पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका को एक ऐसे युद्ध में अरबों डॉलर निवेश करने के लिए राजी किया, जिसके बारे में उनका मानना था कि उसे जीता नहीं जा सकता. उन्होंने संसाधनों के आवंटन और यूरोप के बराबर वित्तीय योगदान की कमी पर सवाल उठाए.

ट्रंप ने जेलेंस्की को बिना चुनाव वाला तानाशाह भी कहा. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप ने लिखा कि जरा सोचिए, एक मामूली सफल कॉमेडियन वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका को 350 बिलियन डॉलर खर्च करने के लिए राजी किया, ताकि वह एक ऐसे युद्ध में जा सके, जिसे जीता नहीं जा सकता, जिसे कभी शुरू ही नहीं करना था, लेकिन एक ऐसा युद्ध जिसे वह अमेरिका और ट्रंप के बिना कभी सुलझा नहीं पाएंगे.

## ओडिशा में नेपाली छात्रा की मौत से जुड़ा मुद्दा राजनयिक माध्यम से सुलझा लिया गया: देउबा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने ओडिशा के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने वाली एक नेपाली छात्रा की मौत से उत्पन्न मुद्दे को राजनयिक माध्यम से सुलझा लिया है. देउबा ने ओमान से यहां आने पर त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मीडिया से कहा, ''नेपाल सरकार ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजनयिक माध्यम से, केआईआईटी (कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी) ओडिशा में एक नेपाली छात्रा की हुई मौत से जुड़ी समस्या का समाधान कर लिया है. देउबा आठवें हिंद महासागर शिखर सम्मेलन में भाग लेने ओमान गई थीं.

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने इस मामले के संबंध में ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज से बात की है और छात्रा की मौत की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की है. साथ ही, उन्होंने नेपाली छात्रों के अपने छात्रावासों में लौटने और कक्षाओं में उनके फिर से शामिल होने के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि नेपाल के विदेश मंत्रालय की पहल के बाद ओडिशा सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और एक उच्च स्तरीय जांच समिति भी गठित की है. देउबा ने कहा, ''संस्थान ने इस घटना के लिए माफी मांगी है और नेपाली छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अपने कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है.'' ओडिशा के



केआईआईटी में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की तीसरे वर्ष की छात्रा 16 फरवरी को अपने छात्रावास के कमरे में मृत मिली थी, जिसके बाद परिसर में अशांति फैल गई. केआईआईटी में करीब 1,000 नेपाली छात्र पढ़ाई कर रहे हैं. इस बीच, केआईआईटी यूनिवर्सिटी से कथित रूप से निष्कासित 95 नेपाली छात्र परसा जिले स्थित बीरगंज सीमा के रास्ते घर लौट आए हैं. बता दें कि बुधवार को काठमांडू में भारतीय दूतावास ने कहा था कि ओडिशा सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि ''उसने घटना से प्रभावित छात्रों की सुरक्षा, उनकी सुरक्षित वापसी और उनके शैक्षणिक हितों की रक्षा के लिए एक हेल्प डेस्क का गठन किया है।

# जेलेंस्की के शांति वार्ता दृष्टिकोण से निराश हैं डोनाल्ड ट्रंप: माइक वाल्ट्ज

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी के बाद, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइक वाल्ट्ज ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप का लक्ष्य युद्ध को समाप्त करना है. उन्होंने शांति वार्ता के अवसर का लाभ न उठाने के लिए जेलेंस्की की आलोचना की. गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए वाल्ट्ज ने कहा कि उनका (राष्ट्रपति ट्रंप) लक्ष्य इस युद्ध को समाप्त करना है. दोनों पक्षों में लड़ाई जारी है. यह प्रथम विश्व युद्ध शैली का युद्ध है. उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के मन में राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रति उनकी निराशा कई गुना है. राष्ट्रपति ट्रंप के लिए कीव से आने वाली कुछ बयानबाजी और अपमान अस्वीकार्य हैं. राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति जेलेंस्की से बहुत निराश हैं क्योंकि वह बातचीत के लिए तैयार नहीं हुए हैं. वह हमारे द्वारा दिए गए इस अवसर को लेने के लिए तैयार नहीं हैं. वाल्ट्ज ने कहा कि मुझे लगता है कि वह जल्द ही मुद्दे पर आ जाएंगे. वाल्ट्ज ने युद्ध और नाटो के रक्षा प्रयासों का समर्थन करने में अमेरिका के वित्तीय बोझ पर बढ़ती चिंताओं को भी उजागर किया. उन्होंने कहा कि हमने वर्षों से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह अस्वीकार्य है कि अमेरिका और उसके करदाता न केवल यूक्रेन में युद्ध की लागत बल्कि यूरोप की रक्षा का भी बोझ उठाते रहें है. उन्होंने कहा कि हम अपने नाटो सहयोगियों



और अनुच्छेद 5 की प्रतिबद्धता का पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि हमारे नाटो सहयोगी आगे आएं. हम नाटो शिखर सम्मेलन में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिसमें हमारे एक तिहाई नाटो सहयोगी अभी भी 2 प्रतिशत न्यूनतम को पूरा नहीं कर पाए हैं. हमारी अपनी घरेलू प्राथमिकताएं हैं. राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे स्पष्ट कर दिया है. यूरोप को एक भागीदार के रूप में अपनी रक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है. हम मित्र और सहयोगी हो सकते हैं और उन कठिन बातचीत कर सकते हैं. उन्होंने आगे कहा कि जब राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रपति पुतिन से बात की और उसके तुरंत बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की. हमने अभी-अभी अपनी ऐतिहासिक वार्ता की, जिसकी मध्यस्थता हमारे अच्छे मित्र और भागीदार- सऊदी अरब ने की, जिसके लिए हम क्राउन प्रिंस को मेजबानी के लिए धन्यवाद देते हैं. उन्होंने कहा कि हमने कई वर्षों में पहली बार रूसियों के साथ बैठकर शांति के साथ आगे बढ़ने के बारे में बात की।

# सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए06 5जी

● किफायती कीमत पर सुपरफास्ट कनेक्टिविटी और दमदार परफॉर्मेंस के साथ 'काम का 5जी' ● गैलेक्सी ने ए06 5जी 12 5जी बैंड सपोर्ट के साथ सहज और दमदार 5जी अनुभव की पेशकश की ● सैमसंग इंडिया ने वॉयस फोकस जैसा नया फीचर पेश किया है और यह 4 जनरेशन ओएस अपग्रेड के साथ लंबे समय तक विश्वसनीयता प्रदान करता है

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन किफायती कीमत पर शानदार 5जी अनुभव लेकर आया है। सबसे किफायती बजट गैलेक्सी ए सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के रूप में, गैलेक्सी ए06 5जी को अपने विश्वसनीय प्रदर्शन और लंबी उम्र के साथ उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने के लिए डिजाइन किया गया है।

आज से, गैलेक्सी ए06 5जी भारत के सभी रिटेल आउटलेट्स, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, और अन्य ऑफलाइन चैनलों पर कई स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध होगा। 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट की शुरुआती कीमत मात्र 10499 रुपये है। गैलेक्सी ए06 5जी तीन आकर्षक रंगों - ब्लैक, ग्रे और लाइट ग्रीन में उपलब्ध है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, ग्राहक केवल 129 रुपये में सैमसंग केयर+ पैकेज के साथ एक साल की स्क्रीन प्रोटेक्शन योजना का लाभ उठा सकते हैं, जो अतिरिक्त सुरक्षा और मानसिक सुकून प्रदान करता है।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस राव ने कहा, गैलेक्सी ए06 5जी के लॉन्च के साथ, हम बेहतरीन 5जी अनुभव के लिए सेगमेंट में अग्रणी 12 5जी बैंड ला रहे हैं। शानदार कनेक्टिविटी, दमदार परफॉर्मेंस और सेगमेंट में अग्रणी इनोवेशन प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई यह डिवाइस अत्याधुनिक तकनीक को सभी तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।




### शानदार प्रदर्शन

गैलेक्सी ए06 5जी सभी नेटवर्क से कॉम्पैटिबल है, यह 12 5जी बैंड का समर्थन करता है और सभी दूरसंचार ऑपरेटर्स में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी और तेज स्पीड के लिए कॅरियर एग्रीगेशन की सुविधा देता है। एमटीके डी6300 प्रोसेसर द्वारा संचालित, गैलेक्सी ए06 5जी शक्तिशाली परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है और मल्टीटास्किंग, गेमिंग और स्ट्रीमिंग को आसान बनाता है।

### शानदार विश्वसनीयता

गैलेक्सी ए06 5जी एंड्रॉयड 15 और सैमसंग के वन आइ 7 के साथ उपलब्ध होगा, जिससे यूजर्स को नवीनतम सॉफ्टवेयर अनुभव मिलेगा। सैमसंग गैलेक्सी ए06 5जी के साथ विश्वसनीयता को फिर से परिभाषित कर रहा है, जो ओएस अपग्रेड की 4 जनरेशन और 4 साल के सुरक्षा अपडेट की पेशकश करता है। यह एक ऐसी प्रतिबद्धता है, जो इसे इस सेगमेंट में अलग बनाती है। ये उद्योग-अग्रणी अपग्रेड और अपडेट डिवाइस को हमेशा अपडेट रखने और यूजर्स के लिए लंबे समय तक सहज उपयोग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं।

हर्बलाइफ इंडिया की नई पारी

# यशस्वी जेसवाल बने ब्रांड पार्टनर !




**बेंगलुरु, नई दिल्ली , एजेंसी।** हेल्थ और वेलनेस के क्षेत्र में प्रीमियर कंपनी हर्बलाइफ इंडिया ने भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जैस्वालके साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग भारत में स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की हर्बलाइफ इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर्बलाइफ लंबे समय से शीर्ष खिलाड़ियों की मदद करती आ रही है, उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक पोषण संबंधी साधन उपलब्ध कराती है।

जैस्वालके साथ यह साझेदारी खेलों के जरिए स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने के कंपनी के विश्वास को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे-से कस्बे से निकलकर भारतीय राष्ट्रीय टीम तक का सफर तय करने वाले जैस्वालकी कहानी उनके संघर्ष, मेहनत और लगन की मिसाल है। उन्होंने मात्र दस साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और कई कठिनाइयों का सामना करते हुए आज लाखों युवा क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। यह साझेदारी खेलों को स्वास्थ्य और सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाने की उनकी साझा सोच को भी दर्शाती है। हर्बलाइफ इंडिया के मैनेजिंगडायरेक्टर अजय खन्ना ने इस अवसर पर कहा, हम यशस्वी जैस्वालके साथ साझेदारी कर उत्साहित हैं। वे कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता का प्रतीक हैं, और उनका सफर उसी जज़्बे को दर्शाता है जिसे हम हर्बलाइफ में महत्व देते हैं।

## बाणगंगा पेपर मिल्स ने नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया

**नाशिक, एजेंसी।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पूर्व में इनर्शिया स्टील लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), उच्च गुणवत्ता वाले क्राफ्ट पेपर के प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता, ने स्थायी ऊर्जा अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, बाणगंगा पेपर मिल्स लिमिटेड, ने लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ एक पावर पर्चेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वे कैप्टिव पावर जनरेशन मॉडल के तहत सौर ऊर्जा खरीदेंगे। इस समझौते के अनुसार, लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदनगर जिले के करजत गांव में 2.5 मेगावाट डीसी ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित, स्वामित्व और संचालन करेगा। यह सौर संयंत्र बाणगंगा पेपर मिल्स के नाशिक स्थित निर्माण संयंत्र को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेगा, जिससे एक विश्वसनीय और लागत-कुशल नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत सुनिश्चित होगा। बाणगंगा पेपर मिल्स लिमिटेड कैप्टिव पावर जनरेशन नियमों का पालन करने के लिए पावर-उत्पादक इकाई में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी रखेगा, जबकि शेष 74 प्रतिशत हिस्सेदारी

## ओटीटी ने क्राइम-थ्रिलर 'पति पत्नी और पड़ोसन' रिलीज की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे शानदार डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लेटफ़ॉर्म में शुमार हंगामा ओटीटी ने 20 फरवरी, 2025 को अपनी ओरिजनल सस्पेंस क्राइम-थ्रिलर 'पति पत्नी और पड़ोसन' रिलीज की। सिर्फ हंगामा ओटीटी पर रिलीज की जाने वाली यह सीरीज़ रहस्य से भरपूर, अपराध से जुड़ी ऐसी मनोवैज्ञानिक कहानी को पेश करती है, जिसमें ऐसे चौंकाने वाले और अप्रत्याशित मोड़ हैं जो दर्शकों को अंत तक अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं। राज शेट्टी निर्देशित इस सीरीज में युक्ति कपूर, मोहित जोशी और चारू मेहरा अहम भूमिकाओं में हैं। 'पति पत्नी और पड़ोसन' की कहानी एक छोटे कस्बे की कहानी है। प्रतिभा (युक्ति कपूर) एक उत्साहित मध्यमवर्गीय गृहिणी है और उसकी जिंदगी में तब खतरनाक मोड़ आता है जब उसका अपनी नई और रहस्यमयी पड़ोसन सागरिका (चारू मेहरा) से लगाव हो जाता है और ऐसा लगता है कि चारू किसी से बचकर भाग रही है। जब प्रतिभा को सागरिका के काले अतीत के बारे में पता चलता है तो वह अपने पति (मुदित जोशी) को उसका शिकार बनने से बचाना चाहती है। यह सस्पेंस से भरी कहानी छह एपिसोड में बुनी गई है।

## श्रद्धा के डेमि फाइन ज्वेलरी ब्रांड पल्मोनस को शार्क टैंक इंडिया 4 में मिलेगी डील

**मुंबई, एजेंसी।** फाइन ज्वेलरी की दुनिया में एक नया नाम तेजी से अपनी पहचान बना रहा है और वह है- पल्मोनस। इसे पल्लवी मोहादिकर और डॉ. अमोल पटवारी ने 2022 में शुरू किया था, और इसका मकसद है भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री को नए अंदाज में पेश करना। ब्रांड का लक्ष्य खूबसूरत, बेहतरीन क्वॉलिटी वाली ज्वेलरी तैयार करना है, जो न सिर्फ आकर्षक और टिकाऊ हो, बल्कि किफायती भी हो। लॉन्च के कुछ ही समय बाद, अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इससे इतनी प्रभावित हुई कि वह को-फाउंडर के तौर पर ब्रांड से जुड़ गईं। अ पल्मोनस की शुरुआती ग्राहकों में से एक थीं। शार्क टैंक इंडिया 4 के मंच पर कदम रखते ही पल्लवी और डॉ. अमोल आत्मविश्वास और जुनून से भरे नजर आए। पल्लवी ने कहा, शार्क टैंक इंडिया 4 पर आना एक यादगार अनुभव रहा। हम अपनी अनोखी ज्वेलरी को प्रस्तुत करने और शार्क्स के साथ अपना विजन साझा करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि हमारे डिज़ाइन्स उद्योग में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं और एक स्थायी प्रभाव छोड़ेंगे। शार्क्स ब्रांड के विज़न और संस्थापकों के आत्मविश्वास से प्रभावित हुए, लेकिन उन्होंने कठिन सवाल पूछने से परहेज नहीं किया।

# हुमा कुरैशी समर्थित 'मॉडरेट' को शार्क टैंक इंडिया 4 में मिली 1 करोड़ रुपये की डील

**मुंबई, एजेंसी।** हैदराबाद के हेल्थ ब्रैंड 'मॉडरेट' ने शार्क टैंक इंडिया 4 में अपना जलवा दिखाया है! इस कंपनी ने शार्क्स अमन गुप्ता और कुणाल बहल से 5 प्रतिशत इक्विटी के बदले 1 करोड़ रूपये की डील हासिल की है। ब्रैंड की यात्रा में यह एक बड़ी उपलब्धि है। मॉडरेट का प्रमुख उत्पाद कैलोरी क्रशर टैबलेट्स भोजन से कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को कम करता है। उन लोगों के लिये यह बहुत बढ़िया है, जो खाने-पीने के शौकीन हैं, लेकिन अपनी तंदुरुस्ती पर भी नजर रखना चाहते हैं!

यह ब्रैंड पहले से सुर्खियों में रहा है, क्योंकि बॉलीवुड स्टार हुमा कुरैशी इसे निवेशक और चीफ प्रोडक्ट एवैंजेलिस्ट के तौर पर सपोर्ट करती हैं। शार्क टैंक इंडिया 4 में हुई डील पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए हुमा ने कहा, ''मॉडरेट मेरी रोजाना की जिन्दगी में शामिल है, चाहे मैं सेट पर रहूं या फिर कहीं और बिजी हूं। मुझे सचमुच गर्व हो रहा है कि हमारे ब्रैंड मॉडरेट की शार्क टैंक इंडिया में डील हुई है। यह असली जीत है। यह ब्रैंड मेरे समेत कई लोगों के लिये अहम है। मॉडरेट का शार्क्स के साथ ताल-मेल देखकर और भारत में चल रही स्टार्टअप की लहर का हिस्सा बनकर मैं उत्साहित हूँ!''




## एवीपी इन्फ्राकॉन को तमिलनाडु में 87 करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए एलओए प्राप्त हुआ

**चेन्नई एजेंसी।** एवीपी इंफ्राकॉन लिमिटेड जो भारत की प्रमुख अवसंरचना विकास कंपनियों में से एक है, को सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर हाईवे कंस्ट्रक्शन एंड मेंटेनेंस, तिरुवन्नामलाई सर्कल से तमिलनाडु में थिरुकोइलुर-असानूर सड़क के चौड़ीकरण और मजबूती के लिए स्वीकृति पत्र याने कि लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस प्राप्त हुआ है। यह परियोजना, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 86.54 करोड़ है, दो लेन की सड़क को चार लेन में चौड़ा करने और प्रमुख अवसंरचनात्मक सुधारों को शामिल करने से संबंधित है। इसमें जंक्शन अपग्रेड, कलवर्ट्स का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण, छोटे पुलों का निर्माण, सेंट्रल मीडियन, जल निकासी रिटेनिंग दीवारें, और पेवर ब्लॉक्स का विकास शामिल है। यह आदेश क्षेत्र में परिवहन नेटवर्क को बेहतर बनाने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है और इसे 18 महीनों के भीतर पूरा किया जाना है। एवीपी इंफ्राकॉन इस परिवर्तनकारी परियोजना का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता है, जिससे भारत के अवसंरचना विकास में इसकी प्रमुख भूमिका और राष्ट्र की सतत प्रगति और विकास में इसका योगदान सुदृढ़ होता है।

## सोच लेस एंजॉय मोर विद केएफसी की बोनलेस रेंज!

**मुंबई, एजेंसी।** टेस्ट द एपिक की करें तैयारी क्योंकि केएफसी की बोनलेस रेंज आपके लिए लेकर आ रही है, बेजोड़ क्रंच के साथ बेमिसाल और लाजवाब जायका। यह इतना आसान है कि सोच लेस एंड एंजॉय केएफसी बोनलेस। ईज़ी और कन्वीनिएंट ऑन-द-गो स्नैक के लिए केएफसी की क्रिस्पी, फिंगर लिकिंग गुड बोनलेस रेंज आपकी हर क्रेविंग को करेगी पूरा। केवल 99 रुपये से शुरू इस रेंज में चिकनलवर्स को मिलेंगे केएफसी के बेस्टसेलिंग मेन्यू से दो स्वादिष्ट बोनलेस विकल्प। बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स के बोल्ड जायके का मजा लें। यह क्रिस्पी, टेंडर और स्वादिष्ट मसालों में लिपटा एक शानदार स्नैक है। इस चिकन स्ट्रिप को अपने पसंदीदा सॉस में डिप करके खाएं और पाएं स्वाद का लाजवाब जायका। यह दो सॉसी डिप विकल्पों - देसी लेवर के लिए तंदूरी और स्पाईसी एवं टैंगी लेवर के लिए नैशविले के साथ खाया जा सकता है। चिकनलवर्स की बाईट-साईज़ खाने की क्रेविंग को पूरा करने के लिए ये लज़ीज़ चिकन पॉपकॉर्न परफेक्ट हैं। ये बाहर से क्रिस्पी और अंदर से जूसी हैं, जो हर बाईट में केएफसी का सिग्नेचर एपिक लेवर प्रदान करते हैं।

उद्यमेन हि सिद्धयन्ति संघर्ष, संकल्प और सफलता

# इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन प्रस्तुत करता है 32वां अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव

**इंदौर एजेंसी।** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन , जो प्रबंधन और नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक है, आगामी 21-22 फरवरी 2025 को अपने 32 वें अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन मध्य भारत का सबसे बड़ा कॉरपोरेट सम्मेलन माना जाता है, जिसमें 3000 से अधिक प्रख्यात उद्योगपति, उद्यमी, अर्थशास्त्री, नीति निर्माता, स्टार्टअप संस्थापक और शिक्षाविद् भाग लेंगे। इस वर्ष के कॉन्क्लेव की थीम है उद्यमेन हि सिद्धयन्ति (संघर्ष, संकल्प और सफलता)। इस विषय के अंतर्गत व्यवसायिक परिदृश्य में बदलाव, वित्तीय क्षेत्र के नए आयाम, नेतृत्व के आधुनिक दृष्टिकोण और भारत की वैश्विक आकांक्षाओं पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रतिभागियों को नवीनतम प्रबंधन विचारों, सफलता के सूत्रों और नेटवर्किंग के सुनहरे अवसरों से लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

### प्रभावशाली वक्ताओं से सीखने का अवसर

आइएमए कॉन्क्लेव की पहचान देश-विदेश के प्रसिद्ध वक्ताओं की उपस्थिति से होती है। ये दिग्गज अपने अनुभव, सफलता की रणनीतियाँ और नेट के प्रभावी उपाय साझा करेंगे, जिससे प्रतिभागियों को अपने व्यवसाय और करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा मिलेगी। प्रमुख वक्ताओं में शामिल हैं श्री नादिर बुरोरजी गोदरेज (समूह अध्यक्ष, गोदरेज इंडस्ट्रीज), श्री राकेश बियाणी (सह-मालिक, स्टाइल यूनियन, नेक्सन ओम्नीवर्क्स लिमिटेड), श्री निलेश शाह (प्रबंध निदेशक, कोटक म्यूचुअल फंड), श्री राजेश डोगरा (मुख्य प्रातक अनुभव अधिकारी, एयर इंडिया), डॉ. शामिका रवि (सदस्य, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषत), श्री कडम्बेलिल पॉल चॉमस (प्रबंध निदेशक, श्वस्न स्मॉल फाइनेंस बैंक), डॉ. सी पलानी वेल्लू (अध्यक्ष और प्रमुख सर्जन, त्वश्वरूअस्पताल), पूज्य ज्ञानवत्सल स्वामी (जीवन कोच और प्रमुख वक्ता, स्वामीनारायण संस्था), श्री विकास लोहिया (निदेशक, ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड) श्री अरविंद रतन (जेमोलॉजिस्ट और ज्योतिषी), बरखा यस (समाचार एंकर और पत्रकार), श्री करण सिंह (भारतीय जादूगर और माइंड रीडर), श्रीकांत अय्यर (सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, होगलेन), सुश्री विधि पोड़गांवकर (लेखिका और फिल्म निर्माता), महेश योगी जी (योग के आध्यात्मिक और प्रेरक गुरु)

## इकोसिस्टम को लेकर खुदरा विक्रेताओं को सशक्त किया

**नई दिल्ली।** सालाना दो अरब से अधिक कनेक्टेड डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही वैश्विक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 2025 के लिए अपने वार्षिक रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम को सफलतापूर्वक शुरू करने और उसके समापन की घोषणा की है। दिल्ली/एनसीआर, गुवाहाटी और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों पर केंद्रित इस अभियान का लक्ष्य मीडियाटेक डायमेन्सिटी 5जी सीरीज़ से शक्ति प्राप्त प्रीमियम एवं अग्रणी टेक्नोलॉजीज़ के बारे में खुदरा विक्रेताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शिक्षित करना था। मीडियाटेक इंडिया के निदेशक अनुज सिद्धार्थ ने कहा, पिछले दो वर्षों में स्टोर्स में संवाद के माध्यम से यह रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम कई खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचा है।

बजाज एलियांज लाइफ ने बीमा क्षेत्र में

# पहली बार 30 साल के विलंबन विकल्प के साथ गारंटीड पेंशन गोल 2 किया पेश

**पुणे , एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज बजाज एलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 के लॉन्च की घोषणा की, जो एक गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली तत्काल और विलंबित वार्षिकी योजना है। इसे ग्राहकों को उनकी सेवानिवृत्ति योजना पर नियंत्रण रखने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। उद्योग जगत में पहली बार 30 साल तक के विलंबन की सुविधा के साथ, यह अभिनव पेंशन योजना 35 साल की उम्र से ही व्यक्तियों को अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है, जो प्रारंभिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए बेजोड़ लचीलापन प्रदान करती है। बजाज एलियांज लाइफ द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन से पता चला है कि 77 प्रतिशत भारतीय सुरक्षित और तनाव-मुक्त सेवानिवृत्ति के लिए जीवन बीमा को अपना पसंदीदा वित्तीय साधन मानते हैं, जो संरचित सेवानिवृत्ति योजना की ओर बढ़ते बदलाव को दर्शाता है। सर्वेक्षण से यह भी संकेत मिलता है कि युवा पेशेवरों में समय से पहले रिटायरमेंट प्लानिंग के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, क्योंकि वे अपने बाद के वर्षों में वित्तीय सुरक्षा और स्वतंत्रता चाहते हैं। बजाज आलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 को इन उभरती हुई ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उद्योग में पहली बार 30 साल की मोहलत अवधि प्रदान करता है। यह व्यक्ति को वित्तीय लचीलापन बनाए रखते हुए जल्दी से अपना रिटायरमेंट कोष बनाना शुरू करने का अधिकार देता है। यह रणनीतिक पेशकश सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों का अपनी रिटायरमेंट यात्रा पर नियंत्रण हो, जिससे वे आत्मविश्वास, स्थिरता और मन की शांति के साथ रिटायर हो सकें। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, बजाज आलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ श्री तरुण चुघ ने कहा, स्वास्थ्य सेवा में सुधार के साथ, भारत में जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है।

BAJAJ Allianz LIFE GOALS. DONE.

## विक्रांत मैसी के बैकफ्लिप के साथ कैंपस एक्टिववियर ने लॉन्च किया 'मूव यॉर वे' कैंपेन का दूसरा चरण

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने आज जाने-माने भारतीय अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ ब्राण्ड के कैंपेन 'मूव यॉर वे' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। कैंपेन की पहली फिल्म की शानदार सफलता के बाद यह दूसरी फिल्म आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तिगत अंदाज़ को अपनाने का संदेश देती है।




यह फिल्म फैशन विकल्पों के माध्यम से दर्शकों को अपने जुनून और अनूठी यात्रा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह भावनाओं की अभिव्यक्ति को प्रेरित कर दर्शकों को याद दिलाती है कि जब हम प्रमाणिकता के साथ जीवन में आगे बढ़ते हैं, जो यह हमें पुरस्कृत करने का तरीका खोज ही लेता है। फिल्म की शुरूआत ऐसे दृश्य के साथ होती है जिसमें विक्रांत मैसी आत्मविश्वास के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग में हैं। मीटिंग के दौरान उनकी मुलाकात दो निवेशकों से होती है, जो उनके सामने आकर्षक प्रस्ताव रखते हैं, वहीं विक्रांत अपने विचारों में खोए, कमरे में चहलकदमी नज़र आते हैं। निवेशक निडर होकर अपने प्रस्ताव रखते हैं, इक्विटी, अपनी खुद की स्पोर्ट्स कार, पेंटहाउस और यहां तक कि क्रिप्टोकरेन्सी जैसे आकर्षक प्रस्ताव पेश करते हैं। भावनाओं की अभिव्यक्ति का शक्तिशाली प्रदर्शन करते हुए विक्रान्त सहजता और आत्मविश्वास को दर्शाते हैं।

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया टेकविदहार्ट

**मुंबई, एजेंसी।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल उत्पादों की जानी-मानी कंपनी है, लगातार नए आविष्कार कर रही है। ये नए प्रोडक्ट्स बिजली की बचत करने वाले, बेहतर काम करने वाले और पर्यावरण के अनुकूल हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव मिलता है। आज कंपनी ने टेकविदहार्ट लॉन्च किया, जो दिखाता है कि वे ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर भारत में ही प्रोडक्ट्स बना रहे हैं। टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन के उस मिशन को दिखाता है, जिसमें उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट, भरोसेमंद और बेहतर काम करने वाले समाधान बनाए जाते हैं। इसमें तेज हवा देने वाले पंखे और बिजली बचाने वाले पंप शामिल हैं, जो लगातार और भरोसेमंद पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। हर प्रोडक्ट को ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी की नेतृत्व टीम ने टेकविदहार्ट को लॉन्च किया। टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन ऐसी तकनीक प्रदान करता है जो वास्तव में मायने रखते हैं - भारत में आराम, सुविधा और ऊर्जा कुशल घरों को बेहतर बनाती है। ग्राहकों को ध्यान में रखकर किये जाने वाले इनोवेशन- क्रॉम्पटन के टेकविदहार्ट इनोवेशन उपभोक्ता की जरूरतों और प्राथमिकताओं की गहरी समझ पर आधारित हैं, जिनमें से प्रत्येक समाधान उनके जीवन को सरल, स्मार्ट और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ प्रोमीत घोष ने कहा, क्रॉम्पटन में हम ग्राहकों को ध्यान में रखकर नए-नए आविष्कार करके बिजली के सामान का भविष्य बना रहे हैं। हम लगातार ऐसे आधुनिक समाधान ला रहे हैं जिनमें टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का सही मेल है, और जो बदलते समय के साथ ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। अगली पीढ़ी की तकनीकों और स्थायी इनोवेशन पर मजबूत ध्यान देने के साथ, ब्रांड अपने नवीनतम उत्पादों के माध्यम से इलेक्ट्रिकल कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योग के भविष्य को आकार दे रहा है।



## आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने एआई-संचालित समाधानों पर वैश्विक संवाद का नेतृत्व किया

**जयपुर एजेंसी।** आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर ने 14-15 फरवरी, 2025 को वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वैश्विक स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए परिवर्तनकारी समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को विचारोत्तेजक चर्चाओं में शामिल होने के लिए एक ही मंच पर एकत्र किया गया। सम्मेलन में भविष्य के लिए तैयारियों को बढ़ाने, कोविड-19 जैसी उभरती चुनौतियों और एचएमपीवी वायरस जैसे उभरते खतरों के बीच स्वास्थ्य प्रबंधन में लचीलापन और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए एआई-संचालित समाधानों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में गणमान्य अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोढानी ने कहा, हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र सबसे तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में से एक है, जो नवाचार, रोजगार और आर्थिक वृद्धि के अपार अवसर प्रदान करता है। कोविड-19 के बाद के दौर ने प्रौद्योगिकी-संचालित स्वास्थ्य समाधानों को तेज़ी से अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे डिजिटल परिवर्तन आज एक आवश्यक प्राथमिकता है। डॉ. सुबोध अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार ने मुख्य भाषण देते हुए एंथ्रोपोसीन युग की चर्चा की-एक ऐसा समय जब मानवीय गतिविधियाँ प्राकृतिक ताकतों से अधिक हमारे ग्रह को आकार दे रही हैं।



# हाईवोल्टेज मुकाबले में भारत-पाकिस्तान होगें आमने-सामने

## भारत की निगाह सेमीफाइनल पर, पाकिस्तान के लिए करो या मरो वाला मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज रविवार 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच हमेशा से ही हाईवोल्टेज ड्रामा और रोमांच से भरे होते हैं, क्योंकि ये दोनों टीमें आमतौर पर केवल आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में ही आमने-सामने होती हैं। इस बार मुकाबला एक तटस्थ स्थान, यानी दुबई में होगा, क्योंकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था।

चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जा रहा है, लेकिन भारत के सभी मैच दुबई में खेले जा रहे हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज से किया था, जब उन्होंने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। दूसरी ओर, पाकिस्तान को अपने घरेलू मैदान कराची में खेले गए पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रनों से शिकस्त दी थी। अब दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें अपने सबसे बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं।

एक दिवसीय क्रिकेट में ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान का पलड़ा भारत से भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच 135 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें पाकिस्तान ने 73 और भारत ने 57 मैच जीते हैं, जबकि पांच मुकाबले बेनतीजा रहे। हालांकि, पिछले डेढ़ दशक में भारत ने क्रिकेट के हर क्षेत्र में जबरदस्त सुधार किया है और अब वह पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक संतुलित और मजबूत टीम बन चुकी है। विशेष रूप से आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत का रिकॉर्ड पाकिस्तान से काफी बेहतर रहा है। हालांकि, 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी, लेकिन इसके बाद से भारत ने अपने पड़ोसी देश के खिलाफ बड़ी प्रतियोगिताओं में दबदबा बनाए रखा है।




इस मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं, जबकि गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की गैरहाजरी में मोहम्मद शमी पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वहीं, पाकिस्तान की बल्लेबाजी रिजवान और बाबर आज़म के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी, फखर जमान के घायल होने से इमाम-उल-हक को टीम में लाया गया हैं। जबकि गेंदबाजी की बात करें तो शाहीन अफरीदी और नसीम शाह भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होगा, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में हर मैच महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस हाईवोल्टेज भिड़ंत पर टिकी हैं, जहां हर गेंद और हर रन मायने रखेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान** = मोहम्मद रिजवान (कप्तान), बाबर आजम, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, सलमान अली आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

# खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे हैं विराट: अनिल कुंबले



**दुबई (एजेंसी)।** विराट कोहली खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे हैं, जिससे उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत हो रही है। यह कहना है भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का। कोहली के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कुंबले ने कहा कि कोहली ने सफेद गेंद क्रिकेट में पहले कभी इतनी लंबी खराब फॉर्म का सामना नहीं किया था।

कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि वह खुद पर अनावश्यक दबाव डाल रहे हैं। हर कोई उनसे उम्मीद करता है कि वह टीम के लिए मैच जिताने वाली पारी खेलेंगे, लेकिन जब आप लगातार इस तरह के दबाव में होते हैं, तो कई बार आप बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और अतिरिक्त प्रयास करने लगते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि आप तनावमुक्त होकर नहीं खेल पाते। उन्होंने आगे कहा कि कोहली को अपने खेल पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और मानसिक रूप से सहज होकर मैदान पर उतरना चाहिए। कुंबले के मुताबिक, आप देख सकते हैं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्हें बस चिंता करने की जरूरत नहीं है। रोहित शर्मा जब बल्लेबाजी के लिए आते हैं, तो उन्हें आजादी मिलती है क्योंकि टीम में कई अच्छे बल्लेबाज हैं, जो शानदार फॉर्म में हैं।

विराट को भी मैदान पर आने के बाद किसी और चीज की चिंता नहीं करनी चाहिए। कुंबले ने यह भी कहा कि कोहली आमतौर पर स्पिन गेंदबाजी को बहुत अच्छी तरह से खेलते हैं, लेकिन हाल ही में वह रन बनाने के बजाय गेंद को नियंत्रित करने की ज्यादा कोशिश कर रहे हैं। जब कोहली फॉर्म में होते हैं, तो वह स्ट्राइक रोटेट करने और सिंगल लेने पर ध्यान देते हैं। लेकिन फिलहाल वह सिर्फ नियंत्रण के बजाय अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं, जिससे उनका स्वाभाविक खेल प्रभावित हो रहा है।

# शुभमन गिल बेहद प्रेरक व्यक्ति, वह भारत के भविष्य के कप्तान हैं : दिग्गज क्रिकेटर




**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद प्रेरक व्यक्ति करार दिया जो अपने खेल को अच्छी तरह से समझता है। उन्होंने गिल को भारत का भविष्य का कप्तान भी करार दिया। भारत की वनडे टीम के उप कप्तान गिल इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में विशेष कर आईपीएल सत्र के दौरान हमें एक दूसरे से मिलने का मौका मिला। मुझे उनका व्यवहार पसंद है। वह बेहद प्रेरित व्यक्ति लगता है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ नेतृत्व के मामले में भी सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता है। वह बहुत अच्छा इंसान है। एक बेहद मृदुभाषी व्यक्ति। वह खेल में जो कुछ हासिल करना चाहता है उसको लेकर बेहद प्रेरित है।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि वनडे प्रारूप गिल की बल्लेबाजी शैली के अनुरूप है और उम्मीद जताई कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी जल्द ही टेस्ट क्रिकेट में भी ऐसा प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा, 'वह पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर का बेहतरीन खिलाड़ी है। वह टेस्ट क्रिकेट में वनडे की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाया है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में पिछले तीन-चार वर्षों में उसने बेजोड़ प्रदर्शन किया है।'

# ऑस्ट्रेलिया / इंग्लैंड: डकेट ने चैंपियंस ट्रॉफी में रचा बड़ा इतिहास, 2 दशक पुराना रिकॉर्ड टूटा

**लाहौर (एजेंसी)।** लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मुकाबला खेला जा रहा है। उन्होंने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी और जबर्दस्त कारनामा अंजाम दिया। डकेट ने चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास की सबसे बड़ी पारी खेलने का कमाल किया है। उन्होंने 143 गेंदों में 17 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 165 रन बनाए। चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार किसी बल्लेबाज ने 150 रनों का आंकड़ा छुआ है। डकेट से पहले टूर्नामेंट में सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड नाथन एस्टल और एंडी फ्लावर के नाम दर्ज था।




डकेट ने दो दशक पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला है। न्यजीलैंज के पूर्व सलामी बल्लेबाज एस्टल ने 2004 में आयोजित चैंपियंस ट्रॉफी में 151 गेंदों में नाबाद 145 रन बनाए थे, जिसमें 12 चौके और 6 छक्के शामिल थे। उन्होंने ये पारी द ओवल स्टेडियम में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेली थी। वहीं, जिम्बाब्वे के पूर्व धाकड़ क्रिकेटर एंडी फ्लावर ने 2002 में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में 164 गेंदों में 145 रन जुटाए थे। उन्होंने 13 चौके मारे थे। उनके बाद लिस्ट में पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली (नाबाद 141, साउथ अफ्रीका के खिलाफ), महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (141, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) और साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ (141, इंग्लैंड के खिलाफ)हैं।

वहीं मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 351 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फिल साल्ट (10) दूसरे ओवर में बेन ड्वार्शुइस का शिकार बन गए। विकेटकीपर जेमी स्मिथ (15) का बल्ला भी नहीं चला। ऐसे में डकेट और जो रूट ने बखूबी मोर्चा संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 158 रनों की दमदार साझेदारी की। रूट ने 78 गेंदों में चार चौकों की मदद से 68 रन बनाए। उन्हें एडम जम्बा ने 31वें एवर में एलबीडब्ल्यू किया। हैरी ब्रूक (3) सस्ते में आउट हुए। कप्तान जोस बटलर ने 23 और लियाम लिविंगस्टोन ने 14 रन का योगदान दिया। डकेट को मार्न लाबुशेन ने 48वें ओवर में पवेलियन भेजा।

# शमी ने 9 किलो वजन किया कम, जाने कौन सा डाइट प्लान कर रहे फालो

मुंबई । चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महामुकाबले का हर भारतीय को बेसब्री से इंतजार है । यह हाई-वोल्टेज मैच रविवार को दुबई में खेला जाएगा । इस बीच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का एक इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें उन्होंने फिटनेस और डाइट को लेकर बड़ा खुलासा किया है । शमी



ने बताया कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए नौ किलो वजन कम किया है। शमी का यह इंटरव्यू पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू और आकाश चोपड़ा ले रहे थे । बातचीत के दौरान सिद्धू ने शमी से वजन कम करने को लेकर सवाल किया । इस पर शमी ने चौंकाते हुए कहा, पा जी, नौ किलो कम किया है । यह सुनकर सिद्धू भी हंस पड़े और उनकी मेहनत की तारीफ की । शमी ने अपनी वजन घटाने की यात्रा के बारे में बताया कि जब वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंचे थे, तब उनका वजन करीब 90 किलो था । यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति थी । लेकिन उन्होंने अपने डाइट प्लान और अनुशासन का प्लान किया । उन्होंने बताया कि वह मीठे और अधिक कैलोरी वाली चीजों से पूरी तरह दूर रहे हैं । सबसे खास बात यह है कि शमी केवल एक वक्त खाना खाते हैं । उन्होंने बताया कि 2015 के बाद से ही उन्होंने अपना डाइट पैटर्न ऐसा बना लिया है कि वह ब्रेकफास्ट और लंच नहीं करते, बल्कि केवल रात का भोजन करते हैं । इससे उन्हें वजन नियंत्रण में मदद मिली और उनकी फिटनेस भी बेहतर हुई ।

# मुम्बई इंडियंस की नई जर्सी का अनावरण

मुम्बई । अगले माह 22 मार्च से शुरु हो रही आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस ने अपनी जर्सी का अनावरण किया है । जर्सी के अनावरण समारोह में कप्तान हार्दिक पांड्या, सहित कई खिलाडी नजर आ रहे हैं । हार्दिक ने इस दौरान एक संदेश भी दिया । उन्होंने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के साथ ही मुंबई की गौरवशाली विरासत को बनाए रखने का वादा किया । पांड्या ने कहा, ऊप्यारे पल्टन, 2025 हमारे लिए विरासत को वहां ले जाने का अवसर है, जहां इसका अधिकार है । नीले और सुनहरे रंग की जर्सी पहनकर हम मुंबई की तरह खेलने के लिए मैदान में उतरेंगे । यह सिर्फ हमारी जर्सी नहीं है । यह आपसे एक वादा है । इस जर्सी में मुंबई इंडियंस के सार का प्रतीक नीला और सुनहरा रंग बनाये रखा गया है । इसमें नीला रंग भरोसे, आत्मविश्वास और टीम की असीम क्षमता को दिखाता है, जबकि सुनहरा गौरव, उपलब्धि और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के बारे में बताता है । यह टीम के निडर क्रिकेट को जारी रखने का वादा भी करता है । अगर आपको यह जर्सी खरीदनी है तो हमारी पलटन की दुकान पर ये मिल सकती है । इसकी कीमत 4,999 रुपये से 2,499 रुपये के बीच है.



मुंबई टीम = हार्दिक पंड्या (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रेयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक्स, अश्विनी कुमार, मिचेल सेंटनर, रीस टॉपली, कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर ।

# 52 वर्षीय राहुल द्रविड़ क्रिकेट में लौटे, बेटे अन्वय के साथ खेले; आउट हुए

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राहुल द्रविड़ ने मैदान पर वापसी की और वे अपने बेटे अन्वय द्रविड़ के साथचस्ष्ट लीग गेम में शामिल हुए। राहुल के दो बेटे हैं, अन्वय और समित। दोनों ही क्रिकेटर हैं। समित एक ऑलराउंडर हैं जबकि अन्वय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। राहुल ने अपने करियर में एक निश्चित अवधि के लिए विकेटकीपिंग भी की।

अन्वय ने हाल ही में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अंडर-14 क्रिकेट में अपनी राज्य टीम का नेतृत्व किया है। समित ने कर्नाटक के लिए आयु-समूह क्रिकेट भी खेला है। जूनियर क्रिकेट में उनकी सफलता ने उन्हें 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम में चुना, लेकिन चोट के कारण वे बाहर हो गए।

### राहुल द्रविड़ जल्दी आउट हुए

राहुल का प्रदर्शन यादगार नहीं रहा क्योंकि वे लीग गेम में जल्दी आउट हो गए। टेस्ट और वनडे में 10,000 से अधिक रन बनाने वाले दो भारतीय बल्लेबाजों में से एक राहुल 10 रन बनाकर आउट हो गए। अन्वय ने बल्ले से कमाल दिखाया और उन्होंने 58 रनों की पारी खेली। राहुल का अपने बेटे के साथ खेलने के लिए मैदान पर वापसी करना अन्वय के लिए एक सपना सच होने जैसा होगा।

कई अन्य क्रिकेटरों के विपरीत राहुल अपने संन्यास के बाद से ऑन-फील्ड एक्शन से दूर रहे हैं और उन्होंने किसी भी लीजेंड्स लीग में हिस्सा नहीं लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने कमेंट्री और कोचिंग का काम संभाला। एनसीए के प्रमुख बनने से पहले द्रविड़ ने लगभग 4 साल



तक भारत की जूनियर टीम को कोचिंग दी। उन्होंने 2021 से 2024 तक टीम इंडिया को कोचिंग दी। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स में जाने से पहले आईपीएल 2014 और 2015 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया। राहुल ने भारत के साथ अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद आरआर में वापसी की और वह एक बार फिर उनके कोचिंग स्टाफ का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। द्रविड़ कुमार संगकारा के साथ काम करेंगे, जिन्होंने आरआर के कोच के रूप में अच्छा काम किया है। आरआर ने आईपीएल 2008 की जीत के बाद से मायावी ट्रॉफी नहीं जीती है।

# सितंबर में होगी जूनियर विश्व कप निशानेबाजी



नई दिल्ली । भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा । विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा । राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी ।'' उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं । '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है । हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें ।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं । साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था !

# लेग स्पिनरों के खिलाफ खुलकर खेलें विराट : हरभजन सिंह



नई दिल्ली । भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सलाह दी है कि वह लेग स्पिनरों के खिलाफ खुलकर खेलें और अपने खेल का आनंद लें । हरभजन सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि धीमी गति के गेंदबाजों, खासकर लेग स्पिनरों ने कोहली को कुछ हद तक परेशान किया है । उन्हें इस समस्या के खिलाफ कोई ठोस योजना बनानी होगी । जब फॉर्म साथ नहीं होता, तो खिलाड़ी ज्यादा समय लेते हैं और अपनी पारी को संभालने में संघर्ष करते हैं । विराट कोहली के साथ भी यही हो रहा है । क्रिकेट एक अद्भुत खेल है, जहां आपकी प्रतिष्ठा मायने नहीं रखती, बल्कि आपका वर्तमान प्रदर्शन आपको आगे लेकर जाता है । उन्होंने आगे कहा, कोहली फंस रहे हैं क्योंकि वह जरूरत से ज्यादा समय ले रहे हैं । मेरा मानना है कि उन्हें खुद पर भरोसा करने की जरूरत है और अपनी स्वाभाविक शैली में खेलने की आवश्यकता है । उन्हें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है । अगर वह आज संन्यास भी ले लेते हैं, तो भी उनकी गिनती महानतम बल्लेबाजों में होगी । उन्हें बस अपने खेल का आनंद लेने, दिमाग से अतिरिक्त दबाव हटाने और खुलकर बल्लेबाजी करने की जरूरत है । हरभजन की इस सलाह से साफ है कि वह चाहते हैं कि कोहली बिना किसी मानसिक अवरोध के बल्लेबाजी करें और अपने पुराने अंदाज में लौटें । मालूम हो कि भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पिछले कुछ समय से लेग स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं । मौजूदा समय में उनकी स्पिन के खिलाफ कमजोरी इस कदर जाहिर हो चुकी है कि विपक्षी टीमें उनके क्रीज पर आते ही स्पिनर को गेंद थमा देती हैं । चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ भी यही देखने को मिला, जब वह लेग स्पिनर रिशाद हुसैन की गेंद पर 38 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए । दुबई में खेले गए इस मुकाबले में कोहली ने स्पिन के खिलाफ 10 डॉट गेंदें खेलीं और स्ट्राइक रोटेट करने में असफल रहे । शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी के दौरान भी यह समस्या देखने को मिली, जिससे कोहली लगातार दबाव में नजर आए ।

# रांची को आईपीएल मैच नहीं मिलने से प्रशंसकों में निराशा

रांची । अगले माह मार्च में होने वाले आईपीएल के आयोजन स्थलों में रांच को शामिल नहीं किये जाने से यहां के क्रिकेट प्रशंसकों में निराशा छायी हुई है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह का घर रांची में होने के कारण यहां पर क्रिकेट के प्रति लोगों में जबरदस्त दीवानगी है । इसके बाद भी इस शहर को




पिछले 3 साल से एक भी आईपीएल मैच की मेजबानी नहीं मिल है। इसको लेकर आई एक रिपोर्ट के अनुसार रांची को आईपीएल मैच न मिलने की वजह है की झारखंड क्रिकेट बोर्ड (जेएससीए) में अभी ऐसी कोई अधिकारी नहीं, जो बीसीसीआई के सामने पूरे दमदार तरीके से रांची का पक्ष रखे। वहीं इससे पहले जब तक जेएससीए में अमिताभ चौधरी थे तो वह मजबूती से रांची का पक्ष रखते थे जिससे शहर को मेजबानी मिलती थी। अमिताभ चौधरी बीसीसीआई में भी रहे हैं। उनके समय में रांच के जेएससीए स्टेडियम को एक न एक आईपीएल मैच मिलता ही था। वहीं प्रशंसकों का मानना है कि बीसीसीआई को जेएससीए स्टेडियम का भी ध्यान रखना चाहिये क्योंकि यहां से भी क्रिकेट की कई प्रतिभाएं निकल सकती हैं।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना है लक्ष्य : चित्रावेल

**विजयनगर (एजेंसी)।** एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें।

प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है।

इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।






# सान्या मल्होत्रा का जादू जारी! मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट ओटीटी पर ट्रेंड

**सान्या मल्होत्रा न सिर्फ सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी पर भी अजेय अभिनेत्री साबित हो रही हैं! मिसेज में उनके प्रदर्शन के लिए अपार सराहना के बाद, दर्शक अब उनकी पिछली फिल्मों को फिर से देख रहे हैं, जिससे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट ट्रेंड कर रही है।**

सान्या मल्होत्रा ने एक भावनात्मक सोशल मीडिया स्टोरी के माध्यम से अपने प्रशंसकों को अपनी आभार व्यक्त की, आप सभी के प्यार और स्नेह के लिए बहुत आभारी महसूस कर रही हूं। तहे दिल से धन्यवाद। रिलीज से पहले ही मिसेज ने कई समारोहों में स्टैंडिंग ओवेशन और एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार के साथ काफी सराहना अर्जित की। अब प्रशंसक सान्या की पिछली भूमिकाओं में वापस देख रहे हैं, और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को फिर से सराहना कर रहे हैं। आकर्षक मीनाक्षी सुंदरेश्वर से, जहां उन्होंने लॉन्ग डिस्टेंस की शादी को खूबसूरती से चित्रित किया। पगलैट में, जहां उन्होंने एक युवा विधवा के दुख से उबरते हुए अपने सूक्ष्म प्रदर्शन से दिल जीता है, सान्या की सिनेमाई यात्रा दर्शकों और आलोचकों को समान रूप से प्रभावित करती रही है। अब, मिसेज के ओटीटी पर स्ट्रीमिंग हो रही है और दर्शकों से लगातार प्यार मिल रहा है, उनकी पिछली परियोजनाओं पर नए सिरे से ध्यान एक कलाकार के रूप में उनके प्रभाव को और उजागर करता है। धर्मा प्रोडक्शंस के साथ उनके आगामी प्रोजेक्ट सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का फैन बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जहां सान्या बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। हर भूमिका में गहराई और प्रामाणिकता लाने की उनकी क्षमता उनकी पीढ़ी के सबसे आकर्षक अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उनकी जगह को मजबूत करती है।



# ...जब हिमेश रेशमिया ने कीर्ति कुल्हारी की सलाह को नहीं माना
## बैडएस रवि कुमार का रहीं हिस्सा

हिमेश रेशमिया ने खुद को हीरो लेकर एक फिल्म 'बैडएस रविकुमार' नाम की फिल्म बनाई। यह एक मसाला फिल्म थी। इस एक्शन फिल्म के डायलॉग ऐसे थे कि दर्शक हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। हाल ही में इस फिल्म में हिमेश के साथ एक्टिंग करने वाली एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने बताया कि एक्टर ने उनकी एक जरूरी सलाह मनाने से इंकार दिया था।

### हिमेश ने नहीं मानी कीर्ति की बात

कीर्ति ने हालिया एक इंटरव्यू में बताया कि जब हिमेश को डायलॉग में कुछ सुधार करने के लिए, उसमें अपने लेवल पर इंप्रूव करने की बात कही तो उन्होंने इसके लिए साफ मना कर दिया। लेकिन इस तरह से हिमेश का रिएक्शन पाकर कीर्ति का बिल्कुल भी बुरा नहीं लगा।

### फिल्म में कोई बदलाव नहीं चाहते थे हिमेश

कीर्ति को हिमेश रेशमिया की बात का बुरा इसलिए नहीं लगा क्योंकि उनका फिल्म को लेकर अपना एक




अलग विजन था। वह इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं चाहते थे। इस बात को कीर्ति ने समझा और जैसे डायलॉग लिखे गए थे, उन्हें वैसा ही बोला।

### चर्चा में रही फिल्म

फिल्म 'बैडएस रविकुमार' भले ही बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली हो। इसने महज 8 करोड़ रुपये की कमाई ही की है। लेकिन यह फिल्म सोशल मीडिया पर खूब छाई। इस फिल्म के अजीब से डायलॉग ही दर्शकों को पसंद आए। इन डायलॉग्स पर खूब फनी रील्स बनाई गईं।

### ये कलाकार भी आए नजर

फिल्म 'बैडएस रविकुमार' में हिमेश और कीर्ति कुल्हारी के अलावा प्रभु देवा, सिमोना जे, सौरभ सचदेवा, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर भी हैं। पहले भी हिमेश रेशमिया कई फिल्मों में एक्टिंग कर चुके हैं, लेकिन उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर चली नहीं हैं।



# नाग अश्विन की फिल्म कर सकती हैं आलिया



लिया भट्ट इन दिनों संजय लीला आखाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विकी कौशल नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद आलिया अपनी अगली फिल्म की तलाश में थीं और अब खबर है कि उनकी यह तलाश लगभग पूरी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, आलिया कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन के साथ एक नई फिल्म के लिए बातचीत के अंतिम चरण में हैं।

### कल्कि 2 के पहले एक और फिल्म बनाना चाहते हैं नाग

सूत्रों के अनुसार, नाग अश्विन कल्कि 2898 एडी के अगले भाग से पहले एक नई फिल्म बनाना चाहते हैं, जिसमें आलिया मुख्य भूमिका में होंगी। इस प्रोजेक्ट की कहानी और जॉनर को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। सूत्र ने बताया, नाग अश्विन एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे हैं, जो उनके दिल के करीब है।

### पहले लव... की शूटिंग पूरी करेंगी आलिया

फिलहाल, इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में है लेकिन अभी तक पेपर वर्क पूरा नहीं हुआ है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स के बैनर तले बनाया जाएगा। आलिया पहले लव एंड वॉर की शूटिंग का शेड्यूल पूरी तरह क्लियर करना चाहती हैं, ताकि वह नवंबर से किसी नए प्रोजेक्ट को कमिट कर सकें। नाग अश्विन भी अपनी इस फिल्म को एक तय समय में पूरा करना चाहते हैं, क्योंकि 2026 के सेकंड हाफ में उन्हें कल्कि 2898 एडी 2 पर काम शुरू करना है। आलिया, अश्विन के साथ पहली बार काम करेंगी। दोनों की क्रिएटिव सोच मेल खा रही है और अब सिर्फ डेट्स और अन्य औपचारिकताओं को फाइनल किया जा रहा है। पिछले साल आलिया निर्देशक अभिषेक पाठक की रोमांटिक फिल्म हाउसवाइफ भी साइन करने के करीब थीं और इस पर बातचीत अभी भी जारी है। वहीं आलिया के खाते में अल्फा और चामुंडा भी हैं।



# न 'मुल्क 2', न कोर्टरूम ड्रामा, अनुमानों से बिल्कुल अलग बनने जा रही अनुभव की नई फिल्म


नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज आईसी 814 के निर्देशन से अंतरराष्ट्रीय सिने जगत में अपनी धाक जमाने वाले भारतीय निर्देशक अनुभव सिन्हा की अगली फीचर फिल्म को लेकर सिने जगत में बीते कई दिनों से हलचल है। कोई कह रहा है कि ये फिल्म मुल्क का सीक्वल है, किसी ने अंदाजा लगाया कि ये फिल्म एक कोर्ट रूम ड्रामा बनने जा रही है, लेकिन अमर उजाला के पास इस बात की ठोस जानकारी है कि अनुभव सिन्हा की अगली फिल्म न मुल्क 2 है, और न ही ये एक कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म होने जा रही है।

अनुभव सिन्हा की फिल्म निर्माण कंपनी बनारस मीडिया वर्क्स में इन दिनों शूटिंग शुरू होने से पहले की काफी हलचल बताई जा रही है। अनुभव अपनी राइटर्स टीम के साथ बीते एक महीने से दिन रात काम करते रहे हैं। अनुभव की ये आदत रही है कि जब तक फिल्म की कहानी उनको संतुष्ट नहीं करती है, वह शूटिंग शुरू नहीं करते हैं। इसके अलावा जिन्होंने भी उनका मुंबई में अंधेरी स्थित कार्यालय देखा है, वे बताते हैं कि उनको पढ़ने का बहुत शौक है। उनके दफ्तर की दीवारें किताबों से भरी नजर आती हैं।

अगले साल अनुभव सिन्हा की पहली फिल्म तुम बिन को रिलीज हुए 25 साल हो जाएंगे। उनके करीबी बताते हैं कि अनुभव सिन्हा अब जो भी फिल्में बना रहे हैं, वे अपने अनुभवों को अपने फिल्म निर्देशन की धार बनाकर ही बना रहे हैं। किसी विषय को लेकर जिद पर अड़ना वह छोड़ चुके हैं, और इसका सबसे बड़ा फायदा उनकी मेकिंग में दिखा वेब सीरीज आईसी 814 के दौरान। इस सीरीज के निर्देशन से राहत पाते ही अनुभव ने अपनी अगली फिल्म शुरू कर दी थी, जिसकी शूटिंग अब जानकारी के मुताबिक अप्रैल महीने में दिल्ली में होगी। अनुभव सिन्हा की गिनती हिंदी सिनेमा के उन नामचीन निर्देशकों में की जाती है, जिनके पास सिनेमा की विविधता है। वह तुम बिन, आर्टिकल 15, अनेक, भीड़ और थप्पड़ जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं और अब बताते हैं कि उनकी जो अगली अनाम फिल्म है, उसमें कोर्टरूम के दृश्य तो हैं, लेकिन इसे पूरी तरह से कोर्ट रूम ड्रामा नहीं कहा जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि फिल्म का करीब 75 फीसदी हिस्सा कोर्ट रूम के बाहर शूट होना है।

# भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म में नजर आएंगे निविन पॉली

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित एक्टर निविन पॉली भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म मल्टीवर्स मनमथन में लीड रोल निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अदित्यन चंद्रशेखर करेंगे जो इससे पहले 2023 में आई फिल्म एंकिलम चंद्रिके और 2019 की मिनी सीरीज एवरेज अंबिली बना चुके हैं। निविन ने लिखा... यह मेरे दिल के बहुत करीब है। भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म मल्टीवर्स मनमथन की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हूं। फिल्म का निर्देशन अदित्यन चंद्रशेखर करेंगे ।





# बड़े पर्दे पर किरदारों में ढल जाते हैं आशुतोष राणा, वेब सीरीज की दुनिया में भी छाए

**बड़े पर्दे यानी फिल्मों में उम्दा अभिनय करने के लिए आशुतोष राणा जाने जाते हैं। जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्म 'कौशलजी वर्सेज कौशल' में आशुतोष राणा नजर आएंगे। लेकिन वह ओटीटी पर कई वेब सीरीज भी कर चुके हैं। जानिए, उन वेब सीरीज के बारे में जिनमें आशुतोष राणा ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों को प्रभावित किया।**

### मर्डर इन माहिम

साल 2024 में आई वेब सीरीज 'मर्डर इन माहिम' में आशुतोष राणा ने पीटर फर्नांडीज नाम का किरदार निभाया था। वह इसमें पत्रकार की भूमिका में नजर आए थे। इस वेब सीरीज में मर्डर मिस्ट्री को आशुतोष का किरदार कैसे सुलझा जाता है, यही सीरीज की कहानी थी।

### खाकी-द बिहार चैप्टर

साल 2022 में 'खाकी-द बिहार चैप्टर' नाम की एक वेब सीरीज आई थी। इसमें मुख्य भूमिका यानी पुलिस वाले के रोल में करण टेकर थे। वहीं आशुतोष राणा ने आईजी मुक्तेश्वर चौबे का रोल किया था। आशुतोष राणा का देसी अंदाज दर्शकों को इस वेब सीरीज में खूब भाया।

### द मिस्ट्री ऑफ मोक्षा आइसलैंड

यह वेब सीरीज तेलुगू भाषा में बनी थी, जो कि एक थ्रिलर सीरीज थी। इसमें आशुतोष राणा ने विश्वक सेन का किरदार निभाया था। इस सीरीज में दर्शकों को सस्पेंस, ड्रामा और थ्रिलर का कॉम्बिनेशन देखने को मिला। आशुतोष राणा भी अपनी एक्टिंग से दर्शकों को डराने में कामयाब रहे।

### छत्रसाल-आरण्यक

वेब सीरीज 'छत्रसाल' में आशुतोष राणा ने मुगल शासक औरंगजेब का किरदार निभाया था। इस किरदार में वह काफी खूंखार नजर आए। यह वेब सीरीज राजा छत्रसाल की कहानी पर आधारित थी, उन्होंने मुगलों के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़ी थी। वहीं रवीना टंडन स्टारर वेब सीरीज आरण्यक में भी आशुतोष राणा नजर आए। वह इस वेब सीरीज में महादेव डोगरा के किरदार में दिखे। यह सीरीज एक अपराधी को पकड़ने की कहानी कहती है। इसमें काफी सस्पेंस, ड्रामा दर्शकों को देखने को मिला था।

# कृति सेनन ने शुरू की तेरे इश्क में की शूटिंग

कृति सेनन ने आनंद एल राय की फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें वह पहली बार धनुष के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। कृति ने तस्वीर साझा कर लिखा- चलो चलते हैं। सेट पर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। वह कर रही हूं जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। इससे पहले, अभिनेता धनुष का सेट से वीडियो वायरल हुआ था, जहां उन्हें दिल्ली के एक कॉलेज में फिल्म की शूटिंग करते हुए देखा गया था। रांझणा (2013) और अतरंगी रे (2021) के बाद आनंद और धनुष एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। निर्देशक ने तेरे इश्क में और रांझणा के बीच विषय की समानताओं का संकेत दिया था, लेकिन आश्वासन दिया कि नई फिल्म एक अनूठी रचना होगी। कृति को आखिरी बार नेटफिलक्स फिल्म दो पत्ती में देखा गया था, जबकि धनुष ने रयान में अभिनय किया था, जिसे उन्होंने निर्देशित भी किया था।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# जनता साफ छवि व मेहनती अजय भड़ाना को चुनकर भेजे निगम सदन : विजय प्रताप

## कांग्रेसी नेता ने वार्ड नंबर-23 से कांग्रेस प्रत्याशी अजय भड़ाना के समर्थन में निकाला रोड शो की जनसभाएं

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी विजय प्रताप ने कहा है कि जनता नगर निगम चुनावों में स्वच्छ छवि व काम करने वाले प्रत्याशियों को चुनकर निगम सदन में भेजे और अजय भड़ाना एक शिक्षित, मेहनती व कर्मठ युवा है, जो अपने वार्ड के लोगों के सुख-दुख व उनकी समस्याओं को दूर करवाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है, इसलिए वह आज वार्ड नंबर-23 की जनता से आह्वान करने आए है कि इस बार मतदाता अजय भड़ाना के रुप में अपना जनप्रतिनिधि चुनकर निगम सदन में भेजे ताकि वह उनकी समस्याओं को दूर करवा सके। विजय प्रताप वार्ड नंबर-23 से कांग्रेस प्रत्याशी अजय भड़ाना के समर्थन में शिव दुर्गा कालोनी, लक्कडपुर कालोनी व मार्किट से निकाली विशाल पैदल यात्रा में शामिल होकर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और एकजुट होकर अजय भड़ाना के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह ने शिव दुर्गा विहार ए,बी,सी ब्लाक और ई ब्लाक में बड़ी जनसभाएं करके लोगों से अजय भड़ाना को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान लोगों ने अजय भड़ाना को अपना आर्शीवाद देते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का विश्वास दिलाया। विजय प्रताप ने कहा कि अजय भड़ाना जैसे युवा पार्षद बनेंगे तो आपके वार्ड में विकास कार्य होंगे, यह युवा वर्षो से आपकी सेवा में समर्पित भाव से काम कर रहा है और यहां की समस्याओं से वाकिफ है, इसलिए इस बार इसे मौका दे और मतरुपी आर्शीवाद देकर विजयी बनाएं। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी अजय भड़ाना ने विजय प्रताप का आभार जताते हुए कहा कि वार्ड नंबर 23 पिछले काफी समय से समस्याओं से ग्रस्त है, यहां पीने के पानी की किल्लत रहती है, जलनिकासी नहीं होने से गंदा पानी जमा रहता है, सडक़ेंटूटी पड़ी है, प्रापर्टी आईडी व फैमिली आईडी की समस्या से लोग परेशान है, सीवरेज ओवरफ्लो रहती है, नाले की सफाई नहीं होती, वार्ड में गंदगी का आलम है, वह लोगों को विश्वास दिलाते है कि आप मुझे विजयी बनाकर निगम सदन में भेजो, मैं इन सभी समस्याओं को दूर करवाकर वार्ड को सुंदर बनाने का काम करूंगा। इस मौके पर सतीश भड़ाना सेती, एसबी यादव, राजनाथ जी, महेंद्र बघेल, भोले भगत जी, आरबी दूबे अंकल, कृष्णपाल त्यागी, थापा जी, सतीश, श्याम जी, चंद्रपाल, अहमद अली, अजीत, जोगी, रंजीत, मनोज, पप्पू, आरवी यादव, सरदार चरण जीत सिंह, अनिल, दीपक, मानव सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



# आर.पी. सी.ए लीजेंड ने क्रेज़ी इलेवन को 11 रन से हराया




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 26वां रविंदर फागना सैटरडे मिक्स कॉरपोरेट कप 2025, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच आर.पी. सी.ए लीजेंड ओर क्रेज़ी इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में आर.पी. सी.ए लीजेंड ने क्रेज़ी इलेवन को 11 रन से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और आर.पी. सी.ए लीजेंड ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आर.पी. सी.ए लीजेंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 202 रन का लक्ष्य दिया। आर.पी. सी.ए लीजेंड की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए हेमंत ने 30 गेंदों पर 9 चौके, की मदद से 48 रन, देव चौधरी ओर दीपक राठी ने 2828 रन बनाए।

क्रेज़ी इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए दक्ष सेतिया ने 4 ओवर में 38 रन देकर 3 विकेट, राघव नरूला ने 3 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रेज़ी इलेवन टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

# वार्ड-17 की भाजपा प्रत्याशी शोभा सतीश कुमार को दिया पूरा समर्थन



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव में वार्ड-17 से भाजपा प्रत्याशी शोभा सतीश कुमार के पक्ष में इंदिरा गांधी कालोनी और फतेहपुर चंदीला की सरदारी ने पूरा समर्थन करने की घोषणा की आज इंदिरा गांधी कालोनी में आयोजति बैठक की अध्यक्षता करते हुए दादा चौ. जयपाल चंदीला ने कहा कि श्रीमति शोभा के पति निर्वतमान पार्षद सतीश कुमार एडवोकेट ने बहुत विकास कार्य करवाए है। इसलिए इस बार भी विकास का पहिया रूकना नहीं चाहिए और उनकी धर्मपत्नी श्रीमति शोभा को भी सभी ने भारी मतों से विजयी बनाना है। इंदिरा गांधी कालोनी के प्रधान सरदार रूबी सिंह और वरिष्ठ नेता जयपाल चंदीला ने कहा कि श्रीमति शोभा को दिनो दिन इलाके की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिससे विपक्षी उम्मीदवारों की नींद उड़ गई है और उन्हें अभी से जमानत जब्त होने की चिंता सताने लगी है। वे जहां भी जाती है जनता उन्हें सिर आंखों पर बिठाकर उनका स्वागत करती है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रेंडेमाइजेशन का उद्देश्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करना : अनीता यादव

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से आगामी 02 मार्च को होने वाले फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर हर स्तर पर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने में चुनाव प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासनिक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। शनिवार को सामान्य पर्यवेक्षक अनीता यादव और जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित




सभागार कक्ष में सभी 46 वार्डो के लिए ईवीएम, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट के आवंटन के लिए दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन किया गया है। पहले मेयर पद के लिए उसके बाद वार्ड मेंबर के लिए रेंडमाइजेशन किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक अनीता यादव ने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम की बूथ स्तर पर अलॉटमेंट हुई है। उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे प्रशासन की ओर से समय अनुसार चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें और पूरी निष्पक्षता से चल रहे प्रबंधों में प्रशासन के साथ उठाए जा रहे कदमों पर अपडेट रहें। उन्होंने सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों से आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करने के लिए कहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार रेंडमाइजेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य बिना किसी हस्तक्षेप के पूर्ण पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संचालन करना है जिसमें सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासनिक स्तर पर चुनाव के मद्देनजर नियमानुसार कार्य किया जा रहा है।

# सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक जसबीर जस्सी ने सूरजकुंड मेला में जमाया रंग

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में शुकवार की रात को महा स्टेज से कोका तेरा कुछ-कुछ कहंदा.. नी कोका...दिल ले गई कुड़ी गुजरात दी, लोंग दा लश्कारा, चन्ना वे घर आ जा वे... जैसे मस्ती भरे पंजाबी गीतों से गायक जसबीर जस्सी ने सूरजकुंड मेला परिसर खूब रंग जमाया।

कला एवं सांस्कृतिक विभाग और पर्यटन निगम हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में मेला परिसर की महा स्टेज पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गीतों पर देर रात तक दर्शक झूमते रहे। कलाकारों के उत्साहवर्धन के लिए मेला प्राधिकरण की वाइस चेयरपर्सन एवं पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, एमडी डा.सुनील कुमार व जीएम आशुतोष राजन सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे और दुनिया भर से आए पर्यटकों का अभिनंदन किया। सांस्कृतिक मंच से अपनी प्रस्तुति देते हुए सुप्रसिद्ध पंजाबी गायक जसबीर जस्सी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा सहित मेला प्राधिकरण की पूरी टीम का सूरजकुंड मेला में आमंत्रित करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला शिल्प के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी पहचान बनता जा रहा है। जस्सी ने बाल्यकाल में संस्कारों पर जोर देते हुए सूफीयाना गायकी से अपनी शुरुआत की।

बुल्ले शाह के कलाम तेरे इश्क नचाया कर थैया-थैया, आओ नी सैंयो रल दे ओ नी बधाई, ते मैं वर पाया रांझण माही, अमीर खुसरो के छाप तिलक सब छीनी रे मो से नैना मिलाई के..से धमकेदार शुरूआत करते हुए जस्सी ने पंजाबी गीतों से दर्शकों का ऐसा मनोरंजन किया कि दर्शक अपने आपको झूमने से रोक नहीं पाए। उनके द्वारा गाए चन्नु दा जवानी विच पैर पै गया.., बल्ले-बल्ले नी टोर पंजाबन दी, एक गेड़ा गिद्दे विच होर नी कुडिये, मैं जट यमला पगला दीवाना आदि गीतों से मेला परिसर झूम उठा।



# फरीदाबाद : शिल्प महाकुंभ के रूप में अमिट पहचान बनी सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेला की

## 16.10 लाख पर्यटक की संख्या दर्ज की गई शनिवार तक



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** प्रयागराज में जहां करोड़ों श्रद्धालु संगम स्नान का धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं, वहीं सूरजकुंड की धरती पर भारत की विविध संस्कृति के संगम तट पर पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा है। मेला समापन से एक दिन पहले शनिवार तक 16 लाख 10 हजार पर्यटक इस अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में शिरकत कर चुके हैं। जिसे देखते हुए सूरजकुंड मेले को अब शिल्प महाकुंभ की संज्ञा दी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए 38 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में इस बार पर्यटकों ने पिछले साल का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। विगत साल आयोजित हुए इस मेले में 13 लाख 15 हजार पर्यटक आए थे, इस बार इनकी संख्या शनिवार तक 16 लाख 10 हजार तक पहुंच गई है, जिसका सारा श्रेय हरियाणा सरकार के बेहतर मेला प्रबंधन को जाता है। कला एवं संस्कृति के इस अनूठे संगम पर भारत के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार तो अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां दे ही रहे हैं, विदेशों से आए कलाकार भी बड़ी चौपाल पर प्रथम दिवस से लगातार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। सूरजकुंड शिल्प मेला एनसीआर क्षेत्र में पर्यटकों की पहली पसंद बन चुका है। इसके अलावा हरियाणा के विभिन्न जिलों, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड आदि राज्यों से भी लोग यह मेला देखने के लिए आ रहे हैं। मेले में पर्यटकों तथा शिल्प कारीगरों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, हरियाणा सरकार द्वारा इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है। पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा स्वयं मेला मैनेजमेंट पर निगरानी रखे हुए हैं। सुरक्षा के लिए यहां कदम-कदम पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस कंट्रोल रूम में इन कैमरों से मेले में हो रही गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। सुबह से रात तक पुलिस कर्मचारी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी संभाले हुए हैं। जनसुविधाओं का यहां अच्छा प्रबंध किया गया है। बैंकिंग, मेडिकल, सिक्योरिटी, पेयजल, साफ-सफाई के अलावा उचित दामों पर फूड कोर्ट में मनचाहे भोजन का लुत्फ पर्यटक ले सकते हैं। रविवार 23 फरवरी की शाम को मेले का समापन होने से पहले पर्यटकों की संख्या का नया रिकॉर्ड कायम हो सकता है। आज शनिवार को अधिकांश पर्यटक सपरिवार यह मेला देखने के लिए आए हैं। बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी जन मेले का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

# नगर निगम चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर चुकी है कांग्रेस : कृष्णपाल गुर्जर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे हरियाणा प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव में लोकसभा और विधानसभा की तरह परचम लहराएगी। फरीदाबाद में तो भारतीय जनता पार्टी की मेयर उम्मीदवार प्रवीण जोशी बत्रा देश में महापौर की जीत का रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। फरीदाबाद नगर निगम की सभी 46 सीटों पर जनता कमल खिलाएगी। किसी दूसरी पार्टी का फरीदाबाद में खाता भी नहीं खुलेगा। जनता ने फैसला सुना दिया है, रिजल्ट आना बाकी है। भाजपा को फरीदाबाद के हर मतदाता पर पूर्ण भरोसा है। जन आशीर्वाद से हरियाणा में भी जीत का रिकॉर्ड बनायेंगे। यह बात उन्होंने स्थानीय सेक्टर-11 में भाजपा मेयर चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने तो तो इस चुनाव में भी अपनी बेइज्जती करवाने की ठान ली है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बहुत बेइज्जती करवाई, विधानसभा चुनाव में शर्मसार होना पड़ा और इस निकाय चुनाव में भी उनकी फजीहत होने जा रही है। कांग्रेस को तो बेइज्जती करवाने का शौक है। कांग्रेस में पूरे हरियाणा में भगदड़ मची हुई, कांग्रेस के नेता पार्टी छोडक़र भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हमारे मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और संगठन के नेताओं ने अपने मेयर, चेयरमैन एवं पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करवाए और लगातार जनसभाएं, रोड शो आदि कर उनके लिए प्रचार कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस का तो कोई नेता ना नामांकन में ही नजर नहीं आया, ना प्रचार करने आ रहा है, हार की सोच कर घर में छुपे बैठे हैं। कांग्रेस ने हार स्वीकार कर ली हैं, ना उनकी चुनाव में कोई दिलचस्पी हैं ना परिणामों में दिलचस्पी हैं। वो हार की बड़ी बेइज्जती से बचना चाहते थे। कांग्रेस का कोई बड़ा नाम चुनाव में दिखाई नहीं दे रहा, कांग्रेस चुनाव से भाग चुकी हैं। कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा पहली बार देख रहा हूं। कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे थे, बाद में बड़ी मुश्किल से बलि के बकरे ढूंढें और उनको उम्मीदवार बनाया। श्री गुर्जर ने कहा कि जिन बलि के बकरों को ढूंढकर लाये उनसे से भी कुछ ने बलि देने से मना कर दिया और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आ गए। हांर के डर से कांग्रेस और उनके नेता चुनाव लडने् से मना कर चुके हैं। वार्ड चार से पूर्व डिप्टी मेयर राजेन्द्र भामला की पुत्र वधु ने कांग्रेस का टिकट लेने से मना कर दिया। वार्ड 13 से पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा के बेटे भारत अरोड़ा ने भी कांग्रेस का टिकट नहीं लिया। वार्ड 41 दीपक चौधरी ने भी कांग्रेस का टिकट नहीं लिया, वे आजाद उम्मीदवार बने। फरीदाबाद 46 में से 8 वार्ड में कांग्रेस को उम्मीदवार ही नहीं मिले, सिर्फ 38 पर चुनाव लड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी का हरियाणा में कोई नामोनिशान नहीं है, वो सिर्फ 18 पर पर चुनाव लड़ रही है। श्री गुर्जर बोले जिस तरह से दिल्ली में शून्य मिलता है। फरीदाबाद नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा। 46 के 46 वार्डों में कमल खिलेगा और यह भी तय है कि कांग्रेस चुनाव परिणाम के बाद ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेगी। श्री गुर्जर ने प्रेसवार्ता के माध्यम से जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार मेयर का चुनाव डायरेक्ट है, मेयर और पार्षद के लिए दो अलग अलग ईवीएम लगाईं जाएंगी और दोनों में वोट डाली जाएगी। एक ईवीएम में मेयर को वोट डालेंगे और दुसरे में पार्षद की वोट डाली जाएगी। इसलिए बहुत ही सावधानी के साथ दोनों ईवीएम में जनता 2 अलग-अलग वोट करे। इससे पूर्व मेयर चुनाव के प्रबंधन के लिए भाजपा के मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के नए चुनाव कार्यालय का सेक्टर 11 स्थित पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता के कार्यालय पर शुभारम्भ हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने रिबन काटकर एवं प्रसाद बांटकर भाजपा मेयर चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, प्रदेश प्रभारी नरेन्द्र वत्स, पूर्व विधायक दीपक मंगला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, निर्विरोध चुने भाजपा पार्षद कुलदीप साहनी व अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चुनाव कार्यालय पर प्रेस वार्ता के बाद मेयर प्रवीण बत्रा जोशी की उपस्थिति में भाजपा के सभी 46 पार्षद प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ संगठनात्मक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, ओमप्रकाश रक्ष्वाल, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर.एन. सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव प्रबंधन के विषय में विस्तृत चर्चा की गई और चुनाव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

